संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

"हार और जीत दोनों जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन कोशिश कभी नहीं छोड़नी चाहिए।"



10 अक्टूबर 1942 – भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई में कई स्थानों पर प्रदर्शन हुए।

पूर्णिया शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 199

# भारत में खुलेंगे ब्रिटेन के नामी विश्वविद्यालयों के कैंपस

**मुंबई** (हि.स.)।भारत और ब्रिटेन के बीच शिक्षा के क्षेत्र में नए द्विपक्षीय सहयोग की घोषणा हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में कहा कि ब्रिटेन के नौ प्रमुख विश्वविद्यालय जल्द ही भारत में अपने कैंपस शुरू करेंगे। इससे भारतीय छात्र देश में रहकर ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा और डिग्री प्राप्त कर सकेंगे।

**ऐतिहासिक और वर्तमान परिप्रेक्ष्य** : भारत में ब्रिटिश शिक्षा का आकर्षण पुराना है। ब्रिटिश शासनकाल में भारतीय छात्र लंदन जाकर बैरिस्टर और उच्च शिक्षा के अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेते थे। आजादी के बाद भी ब्रिटेन के कई विश्वविद्यालयों की मान्यता बनी रही। हालांकि, समय के साथ विदेशी शिक्षा महंगी हो गई और आम छात्रों के लिए पहुंच से बाहर हो गई। नए समझौते के तहत अब छात्र भारत में रहकर ब्रिटिश डिग्री हासिल कर सकेंगे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों बढ़ेंगे

## भारत-ब्रिटेन संबंधों में नई ऊर्जा, मोदी-स्टार्मर वार्ता से साझेदारी को नई दिशा



**मुंबई** (हि.स.)।मुंबई में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन संबंधों में नई गति और ऊर्जा आई है। दोनों नेताओं ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) को साझा आर्थिक प्रगति और वैश्विक स्थिरता के लिए अहम बताया। मोदी ने कहा कि यह समझौता व्यापार वृद्धि, आयात लागत में कमी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

**आर्थिक और व्यापार सहयोग**

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री का भारत दौरा और उनके साथ आया व्यापार प्रतिनिधिमंडल भारत-ब्रिटेन साझेदारी में नई ऊर्जा का प्रतीक है। दोनों देशों ने सीईओ फोरम, व्यावसायिक समिट और ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल का आयोजन किया, जिससे उद्योगों और उपभोक्ताओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देश प्राकृतिक साझेदार हैं और साझा मूल्यों पर आधारित सहयोग वैश्विक स्थिरता में योगदान देगा।

**शिक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदारी** : दोनों नेताओं ने शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया। ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय भारत में कैंपस खोलने जा रहे हैं, जबकि साउथैम्पटन यूनिवर्सिटी का गुरुग्राम कैंपस पहले ही चालू हो चुका है। टेक्नोलॉजी, टैलेंट और ट्रस्ट पर आधारित साझेदारी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस कम्युनिकेशन और डिफेंस टेक्नोलॉजी में सहयोग शामिल है। भारत में क्रिटिकल मिनरल्स क्षेत्र में इंडस्ट्री गिल्ड और सप्लाई चेन ऑब्ज़र्वेटरी की स्थापना की जाएगी।

**रक्षा और वैश्विक शांति प्रयास**

रक्षा सहयोग में भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग प्रशिक्षक अब ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स में ट्रेनर्स के रूप में कार्य करेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी। स्टार्मर ने मध्यपूर्व और यूक्रेन की स्थिति पर चिंता जताई और गाज़ा में मानवीय सहायता को तुरंत लागू करने की बात कही। दोनों नेता नई, आधुनिक और भविष्य-केंद्रित साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत में कैंपस खोलने की प्रगति :

साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने गुरुग्राम में पहले ही अपने कैंपस की शुरुआत कर दी है और छात्रों का पहला बैच भी पहुंचने लगा है।

----------------

लिवरपूल, यॉर्क, एबरडीन और ब्रिस्टल विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने भारत में कैंपस खोलने के लिए आशय पत्र (LOI) जारी किए हैं।

----------------

क्वींस यूनिवर्सिटी बेलफास्ट और कोवेंट्री विश्वविद्यालय को गुजरात की गिफ्ट सिटी में कैंपस खोलने की मंजूरी दी गई है।

----------------

लैंकेस्टर विश्वविद्यालय को बेंगलुरु में कैंपस खोलने के लिए LOI दिया गया है।

----------------

सरे विश्वविद्यालय को गिफ्ट सिटी में सैद्धांतिक मंजूरी मिली है।

**छात्रों के लिए अवसर**

इस पहल से भारतीय छात्रों को विदेश जाने की झिझक और खर्च कम होंगे। वे भारत में रहकर ही अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के अनुभव का लाभ उठा पाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम उच्च शिक्षा को अधिक समावेशी बनाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

# बिहार में हथियार तस्करी मामले में एनआईए की छापेमारी

## -वैशाली जिले में आरोपित के घर से पिस्तौल,बंदूक,कारतूस और नकदी बरामद

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2024 के हथियार तस्करी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार के वैशाली जिले में एक आरोपित के घर से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

एजेंसी ने बुधवार को आरोपित संदीप कुमार सिन्हा उर्फ छोटू लाल के घर पर तलाशी ली, जिसमें एक 9 एमएम पिस्तौल,



18 जिंदा कारतूस, दो पिस्तौल मैगजीन, एक डबल बैरल 12 बोर बंदूक, 35 जिंदा कारतूस और 4.21 लाख रुपये नकद जब्त किए गए।

एनआईए के अनुसार, संदीप मुख्य आरोपित विकास कुमार का करीबी सहयोगी है और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का सक्रिय सदस्य है। यह मामला मूल रूप से बिहार पुलिस ने दर्ज किया था, जब एके-47 राइफल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। अगस्त 2024 में एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। यह केस नागालैंड से बिहार के विभिन्न हिस्सों में अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़ा है।

अब तक इस मामले में विकास कुमार, सत्यंम कुमार, देवमणि राय उर्फ अनीश और मोहम्मद अहमद अंसारी को गिरफ्तार कर आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। हाल ही में एक अन्य आरोपित मंजूर खान को भी गिरफ्तार किया गया है, जो वर्तमान में पटना की बेउर जेल में बंद है।

एनआईए ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# कैट ने करवा चौथ पर देशभर में 25 हजार करोड़ रुपये के व्यापार का जताया अनुमान

**नई दिल्ली** (हि.स.)। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने करवा चौथ पर पूरे देश में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान जताया है। कैट ने कहा कि यह पर्व दिवाली तक उत्सव का माहौल बनाता है और सच्चा प्रेम केवल त्याग में नहीं, बल्कि समानता और परस्पर आदर में निहित है। चांदनी चौक से सांसद और कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने देशभर के




लोगों, विशेषकर व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी पत्नी के सम्मान में करवा चौथ का व्रत रखें। खंडेलवाल स्वयं पिछले बीस वर्षों से व्रत करते हैं और उनका कहना है कि पुरुषों को भी अपनी पत्नियों के स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए व्रत करना चाहिए। दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में पूजा की थाली, रोली-चावल की कटोरियां, लोटा और छलनी जैसी वस्तुओं की बिक्री के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।

## एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप : चीन से हारी भारतीय महिलाएं, क्वार्टर फाइनल से बाहर



**अहमदाबाद,** (हि.स.)। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप के महिला वाटर पोलो क्वार्टर फाइनल में भारत को चीन से 6-34 की करारी हार मिली। चीन की ली पेयांग, ली लिनयुन और ली जियान्यु ने सात-सात गोल दागे, जबकि हान वेन ने छह और वांग शिन ने तीन गोल किए। भारत की ओर से ध्रुति कार्तिकेय ने तीन गोल दागे, जबकि कप्तान वर्षा सुरेश, सफवा साकीर और कृषा पुरोकायस्ता ने एक-एक गोल किया।

अन्य क्वार्टर फाइनल में जापान ने हांगकांग को 20-16, कजाकिस्तान ने सिंगापुर को 10-7, और थाईलैंड ने उज़्बेकिस्तान को 8-6 से हराया। पुरुष वर्ग में ईरान, चीन और जापान ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हार के बावजूद ध्रुति कार्तिकेय के प्रदर्शन ने भारतीय टीम के मनोबल को ऊंचा बनाए रखा।

# सत्ता से बाहर होने पर सपा को याद आते हैं हमारे संत-महापुरुष और पीडीए : मायावती

**लखनऊ** (हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए सपा कांशीराम और बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर को भूल जाते हैं, लेकिन सत्ता से बाहर होते ही उनके नाम का गुणगान करने लगते हैं। उन्होंने सपा के दोहरे चरित्र से जनता को सावधान रहने की सलाह दी।

**कांशीराम के योगदान का स्मरण** : बसपा प्रमुख ने गुरुवार को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में बड़ी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कांशीराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मायावती ने कहा कि सपा ने उनके जीवनकाल में कांशीराम के मूवमेंट को कमजोर करने का प्रयास किया और बसपा सरकार में स्थापित कई संस्थाओं के नाम बदल दिए।



**भाजपा सरकार की सराहना**

----------------

मायावती ने वर्तमान भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया कि महापुरुषों के स्मारक और रैली स्थल की मरम्मत की गई। उन्होंने भीड़ और देशभर से आए समर्थकों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बसपा की सत्ता में वापसी ही अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्प आय वर्ग के लोगों की भलाई का मार्ग है।

# मप्र में कप सिरफ से अब तक 22 बच्चों की मौत, चेन्नई से निर्माता फार्मा कंपनी का निदेशक गिरफ्तार

## एसआईटी ने चेन्नई और कांचीपुरम में कंपनी के ऑफिस और प्लांट से महत्वपूर्ण दस्तावेज और नमूने जब्त किए

**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश में जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण बच्चों की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार रात छिंदवाड़ा जिले के पचधार गांव का तीन वर्षीय मयंक सूर्यवंशी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 25 सितंबर से नागपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती मयंक की मौत के बाद मृतक बच्चों की संख्या 22 हो गई है। इनमें 19 बच्चे छिंदवाड़ा, दो बैतूल और एक पांढुर्णा जिले के थे। सभी की उम्र 8 साल से कम है।

**विशेष जांच टीम ने जुटाए साक्ष्य**



मध्य प्रदेश सरकार ने बच्चों की लगातार हो रही मौत के बाद एसआईटी का गठन किया था। टीम ने तमिलनाडु में कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस और प्लांट का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सिरप के निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई।

**जांच में बड़ा खुलासा**

तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि कंपनी ने प्रोपलीन ग्लायकॉल के 100 किलो जहरीले केमिकल खरीदे, लेकिन न तो इसका बिल था, न खरीद का रजिस्टर। भुगतान नकद और यूपीआई के माध्यम से किया गया। जांच अभी भी जारी है और वितरण नेटवर्क की भी छानबीन की जा रही है।

**कंपनी निदेशक रंगनाथन गिरफ्तार** : कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के निदेशक गोविंदन रंगनाथन को चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया गया है। छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की। गिरफ्तारी के बाद रंगनाथन को ट्रांजिट रिमांड पर छिंदवाड़ा लाया जाएगा।

# सीबीआई ने वांछित शीला कल्याणी का सऊदी अरब से किया प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरूवार को इंटरपोल के माध्यम से वांछित भगोड़ी मनाकंदथिल थेक्केथी उर्फ शीला कल्याणी को सऊदी अरब से भारत प्रत्यर्पित किया।

सीबीआई के अनुसार, शीला कल्याणी आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित थी। उसके खिलाफ 5 अक्टूबर 2023 को रेड कार्नर नोटिस भी जारी हुआ था। इसके बाद सीबीआई की एक विशेष टीम ने सऊदी अरब जाकर उसे



भारत लाने की प्रक्रिया पूरी की। उल्लेखनीय है कि इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस दुनियाभर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजे जाते हैं ताकि वांछित अपराधियों का पता लगाया जा सके। सीबीआई ने बताया कि इंटरपोल चैनलों के जरिए बीते कुछ वर्षों में 130 से ज्यादा वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया जा चुका है।

# राज्य सरकार के अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं चुनाव आयोग के अधिकारी : ममता बनर्जी

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को राज्य सचिवालय 'नवान्न' में संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी राज्य सरकार के अफसरों को धमका रहे हैं और राजनीतिक प्रभाव में काम कर रहे हैं, जबकि चुनाव की तिथियां घोषित नहीं हुई हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष गहन



पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए कहा कि भाजपा इसे लेकर "आग से खेल रही है" और वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ लोकतंत्र के साथ विश्वासघात के समान होगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें कहा गया कि एसआईआर के बाद 1.5 करोड़ मतदाताओं को हटाया जाएगा।

ममता ने चेतावनी दी कि अगर बीजेपी ने "आग से खेलना" बंद नहीं किया तो इसका राजनीतिक परिणाम भुगतना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को एनआरसी जैसी कवायद बताते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जा रहा है, न कि जनसेवा के लिए।

# कुपवाड़ा में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड, दो एके-सीरीज राइफल सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**कुपवाड़ा**, (हि.स.)। सुरक्षाबलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके-सीरीज़ राइफल सहित हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा बरामद किया। सेना ने कहा कि यह बरामदगी पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने कुपवाड़ा के वारसन स्थित ब्रिजथोर जंगल से की।

सेना की श्रीनगर स्थित चिनार



कोर ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा के वारसन स्थित ब्रिजथोर जंगल के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों ने एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके सीरीज़ राइफलें, चार रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा और अन्य युद्ध-संबंधी सामान बरामद किया।

# बिहार के 243 सीटों पर चुनाव, 8.5 लाख अधिकारी होंगे तैनात
# बिहार में बनेगी निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया :आयोग सख्त

## बिहार चुनाव में पहली बार हर विधानसभा क्षेत्र में तैनात किए गए सामान्य पर्यवेक्षक, MCC उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**पटना, 10 अक्टूबर (हि.स.)**
----------------------

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। आयोग ने लगभग 8.5 लाख अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया है, जो मतदान, मतगणना और चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे।

**प्रत्येक के लिए एक सामान्य पर्यवेक्षक की तैनाती**
243 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक सामान्य पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। इसके अलावा 38




पुलिस पर्यवेक्षक और 67 व्यय पर्यवेक्षक भी कार्यरत रहेंगे, जो अपने-अपने क्षेत्र में आयोग के प्रत्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे।

**8व्यय अनुश्रवण कोषांग गठित** : निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान धन-बल के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए जिला स्तर पर व्यय अनुश्रवण कोषांग (District Expenditure Monitoring Cell) का गठन किया गया है। इसके नोडल पदाधिकारी संजय कुमार (राज्य कर संयुक्त आयुक्त, मोबाईल – 8544401277) हैं।

**इस कोषांग के तहत**
5 सहायक व्यय प्रेक्षक,
5 लेखा टीम,
15 फ्लाइंग स्क्वॉड टीम,
48 स्टैटिक सर्विलांस टीम,
12 वीडियो सर्विलांस टीम,
5 वीडियो व्यूइंग टीम
तथा एक कंट्रोल सेंटर बनाया गया है।
इन सभी टीमों को प्रशिक्षण दिया गया है और ईएसएमएस (ESMS) पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया जा चुका है।

**मतदाता सूची में संशोधन**
बिहार में इस बार विशेष गहन संशोधन (SIR) अभियान के तहत मतदाता सूची को अद्यतन किया गया है। आयोग के अनुसार, 7.89 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 52 लाख नामों को हटाया गया है, जिनमें मृत, प्रवासी या डुप्लिकेट मतदाता शामिल हैं। वहीं लगभग 35.7 लाख मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए, जिनकी पुनः जांच की जा

**.5 लाख कर्मियों की तैनाती**
आयोग के अनुसार, इस बार चुनावी तंत्र में निम्नलिखित कर्मी तैनात किए गए हैं —
4.53 लाख मतदान कर्मी
2.5 लाख पुलिसकर्मी
28,370 मतगणना कर्मी
17,875 माइक्रो ऑब्जर्वर
9,625 सेक्टर अधिकारी
4,840 मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर
90,712 आंगनवाड़ी सेविकाएं
साथ ही 90,712 बीएलओ (Booth Level Officers) और 243 ईआरओ (Electoral Registration Officers) भी मतदाताओं के लिए "बुक-अ-कॉल टू बीएलओ" सुविधा के माध्यम से उपलब्ध रहेंगे।
किसी भी शिकायत या समस्या के समाधान के लिए कॉल सेंटर नंबर 1950 जारी किया गया है।

रही है।
आयोग का दावा है कि 98.2% मतदाताओं का दस्तावेज सत्यापन पूरा हो चुका है, जिससे सूची अधिक सटीक और पारदर्शी बनी है।

**मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ी**
इस बार प्रत्येक मतदान केंद्र पर 1,200 मतदाताओं की अधिकतम सीमा तय की गई है ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके। इसी के तहत राज्य में 12,817 नए मतदान केंद्र बनाए गए, जिससे कुल केंद्रों की संख्या 90,712 तक पहुंच गई है।

**एआई और सोशल मीडिया पर निगरानी** : आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को चेतावनी दी है कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग कर फर्जी वीडियो या डीपफेक सामग्री प्रसारित न करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने या विरोधी उम्मीदवारों को बदनाम करने पर आदर्श आचार संहिता (MCC) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सिताब दियारा पहुंचेंगे उपराष्ट्रपति डॉ. सी. पी. राधाकृष्णन

## लोकनायक की जन्मभूमि पर अर्पित करेंगे श्रद्धा-सुमन, प्रशासन ने सुरक्षा और स्वागत की तैयारियाँ कीं पूरी



**पटना,** (हि.स.)।लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर आगामी 11 अक्टूबर को भारत के उपराष्ट्रपति डॉ. सी. पी. राधाकृष्णन बिहार के सारण जिले के सिताब दियारा पहुँचेंगे। यह वही ऐतिहासिक भूमि है जहाँ संपूर्ण क्रांति के प्रणेता जयप्रकाश नारायण का जन्म हुआ था। उपराष्ट्रपति का यह दौरा लोकनायक के आदर्शों और योगदान को नमन करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

**लोकनायक स्मारक पर अर्पित करेंगे श्रद्धा-सुमन** : जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, उपराष्ट्रपति पूर्वाह्न 11:50 बजे सिताब दियारा पहुँचेंगे। वहाँ वे लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक आवास का अवलोकन करेंगे और लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद वे लोकनायक स्मृति भवन सह पुस्तकालय का भी निरीक्षण करेंगे, जहाँ जयप्रकाश नारायण से जुड़ी दुर्लभ सामग्री, ऐतिहासिक दस्तावेज़ और चित्र सुरक्षित हैं।

**सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारी** : उपराष्ट्रपति का दौरा लगभग 45 मिनट का होगा, जिसके बाद वे अपराह्न 12:35 बजे पटना के लिए रवाना होंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियाँ की हैं। कार्यक्रम स्थल पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें एसपीजी, बिहार पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम संयुक्त रूप से निगरानी करेगी।

**गांव में उमड़ा उत्साह** : सिताब दियारा में उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर ग्रामीणों और स्थानीय छात्रों में उत्साह का माहौल है। गाँव के विद्यालयों में प्रभातफेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोकनायक के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उपराष्ट्रपति का आगमन लोकतंत्र, जनशक्ति और स्वराज के उनके अमर संदेश को पुनर्जीवित करने का प्रतीक माना जा रहा है।

## चिकित्सा आधार पर निर्वाचन कार्य से छूट के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन

**पटना, 9 अक्टूबर (हि.स.)**
----------------------------



आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर नियुक्त विभिन्न कार्यालय संवर्गों के पदाधिकारी और कर्मी, अस्वस्थता के कारण निर्वाचन कार्य से छूट के लिए आवेदन कर रहे हैं। प्रशासन ने इस प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया है।

प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ता केवल मेडिकल बोर्ड द्वारा अनुमोदित होने पर ही निर्वाचन कार्य से छूट प्राप्त कर सकेंगे। बोर्ड की प्रक्रिया में सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण, चिकित्सकीय मूल्यांकन और आवश्यक सलाह शामिल होगी। इसके आधार पर ही प्रशासन संबंधित कर्मियों को निर्वाचन कार्य से अस्थायी या स्थायी रूप से मुक्त करने का निर्णय करेगा।

प्रशासन द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि निर्वाचन कार्य से मुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार और निर्णय करने के लिए असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण के पत्रांक-5067, दिनांक 07.10.2025 के तहत एक मेडिकल बोर्ड बनाया गया है। यह बोर्ड सभी आवेदनकर्ताओं के स्वास्थ्य परीक्षण का जिम्मा निभाएगा। मेडिकल बोर्ड ने पदाधिकारियों और कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण की तिथि 14, 15 और 16 अक्टूबर निर्धारित की है। स्वास्थ्य परीक्षण जिला अतिथि गृह के सभागार में किया जाएगा। इस दौरान उम्मीदवारों को अपने सभी चिकित्सकीय दस्तावेज और पूर्व मेडिकल रिपोर्ट साथ लाने की सलाह दी गई है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-'एनडीए में ऑल इज वेल है', सीट बंटवारें पर जल्द होगा फैसला

**पटना,** (हि.स.)।बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का नामांकन कल यानि 10 अक्टूबर को होना है लेकिन अब तक महागठबंधन और गठबंधन दोनों ने ही सीटों की घोषणा नहीं की है। गठबंधन की सभी पांचों दलों के बीच अभी तक सीटों के बंटवारे पर पेच फंसा हुआ है। जिसके कारण अभी तक उम्मीदधारों पर भी फैसला नहीं हो सका है। गुरूवार को दिन भर मीडिया



में चर्चा होती रही कि आज शाम तक सीटों की घोषणा हो सकती है लेकिन जनसुराज के अलावा किसी भी दल ने सीटों और उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की। फिलहाल अभी भी कुछ घंटे शेष है।

इस बीच पत्रकारों के सवाल जवाब देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल ने एनडीए गठबंधन में किसी भी तरह के मतभेद की अटकलों को खारिज किया और दावा किया कि 'एनडीए में ऑल इज वेल है' और अगले दो से तीन दिनों में सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला हो जायेगा। एनडीए में सीटों के बंटवारे के साथ उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सभी दलों का केंद्रीय नेतृत्व इस पर बात कर रहा है और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसके बाद नामों की घोषणा की जाएगी। डा. दिलीप जायसवाल ने बताया कि एनडीए में चुनाव को लेकर पूरी तैयारी हो गई है। कैंडिडेट के नॉमिनेशन से लेकर चुनाव प्रचार और प्रचारकों को कार्यक्रम तय हो गया है। कौन सीएम कहां प्रचार करेगा, य़ह भी निश्चित हो गया है। राजद पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार अब लालटेन से बाहर निकलकर नीतीश कुमार के बिजली वाले दौर में पहुंच गया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार कितना विकसित हुआ है, यह नजर आता है। पहले सोनपुर जाने के लिए भी जहाज से जाना पड़ता है। आज पूर्णिया से कुछ घंटों में सोते हुए पटना आ जाते हैं।

## जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा - हमने वादे के अनुसार समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया

**पटना,** (हि.स.)जन सुराज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 51 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की।

जारी सूची में हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इनमें 7 सुरक्षित और 44 सामान्य सीट के उम्मीदवार हैं। आबादी के लिहाज से सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देते हुए अति पिछड़ा वर्ग के 17, पिछड़ा



वर्ग के 11, सामान्य वर्ग के 9 और अल्पसंख्यक वर्ग के 7 उम्मीदवार शामिल किए गए हैं।

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता वाईवी गिरी, आरसीपी सिंह, रामबली चंद्रवंशी, सीताराम यादव, अफाक हैदर, मोनाजिर हसन, किशोर कुमार,संगठन महामंत्री सुभाष सिंह कुशवाहा, प्रदेश मीडिया प्रभारी ओबैदुर रहमान, पार्टी प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन, राजीव रंजन, तारिक चंपारणी और अनुकृति समेत कई नेता मौजूद रहे।

# जदयू को झटका, पूर्व आपदा मंत्री लक्ष्मेश्वर राय ने थामा राजद का हाथ

## अपने उद्देश्य से भटक गया है जदयू:लक्ष्मेश्वर राय

**पटना,** (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कल यानी 10 अक्टूबर से पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरु हो रहा है। इस बीच जदयू बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री नीतीश के पूर्व आपदा मंत्री लक्ष्मेश्वर राय ने गुरूवार को जदयू का साथ छोड़ राजद का दामन थाम लिया है। जदयू को छोड़ते हुए उन्होंने पार्टी पर गंभीर आरोप लगाया है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि, जदयू अपने उद्देश्य से भटक गया है। सीएम नीतीश का जो रुप रेखा था अतिपिछड़ा का अब वो नहीं रहा। सीएम नीतीश के हाथ में कुछ नहीं है। पार्टी का



पूरा स्वामित्व अब एक आदमी के हाथ में हैं वो हैं संजय झा। केवस संजय झा का चलता है। सीएम नीतीश के बातों का महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि हम तेजस्वी के साथ आए हैं क्योंकि तेजस्वी में वो बात है वो अतिपिछड़ा के लिए काम करेंगे।

लक्ष्मेश्वर राय फिलहाल जदयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के रुप में कार्यरत थे। उन्होंने आज पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। चुनाव से पहले यह सीएम नीतीश के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को होना है वहीं दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है। फिलहाल दोनों गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर माथा पच्ची जारी है।

# बिहार चुनाव देश के भविष्य की दिशा तय करेगा : अशोक गहलोत

## अशोक गहलोत को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है

**पटना/ जयपुर,** (हि.स.)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने गुरुवार को पटना में कहा कि "पूरा देश यह जानना चाहता है कि बिहार के चुनाव में क्या होगा, क्योंकि यह चुनाव केवल बिहार तक सीमित नहीं है बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करेगा।"

अशोक गहलोत, जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। गुरुवार को अपने पटना दौरे के दौरान पार्टी द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'बीस साल विनाशकाल' अपने आप में




एक बड़ा संदेश है।

गहलोत ने कहा कि पिछले बीस वर्षों में बिहार में सुशासन की भारी कमी रही है। उन्होंने कहा, "नीतीश कुमार बार-बार पाला बदलते रहे, जिसके कारण राज्य में ठोस और निरंतर शासन नहीं हो पाया। बिना गुड गवर्नेंस के विकास, समस्याओं का समाधान और इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण संभव नहीं होता। यही कारण है कि बिहार सभी क्षेत्रों में पिछड़ गया है और उसकी दुर्दशा आज सबके सामने है।

राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और मंत्रियों पर लगे गंभीर आरोपों का उल्लेख करते हुए गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों पर खुलेआम तथ्यात्मक आरोप हैं, फिर भी किसी का इस्तीफा नहीं हो रहा। ऐसा लगता है मानो प्रधानमंत्री ने यह नीतिगत निर्णय ले लिया है कि चाहे कुछ भी हो, किसी मंत्री का इस्तीफा नहीं लिया जाएगा। लोकतंत्र में यह प्रवृत्ति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

गहलोत ने केंद्र सरकार की आर्थिक घोषणाओं की भी आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार को 50 हजार करोड़ से लेकर 1.25 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता की बात कही थी, लेकिन उसका धरातल पर कोई प्रभाव नहीं दिखता। "मोदी जी ने बिहार को 50 हजार करोड़, 60 हजार करोड़, 80 हजार करोड़ से लेकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये तक की सहायता देने की बात कही थी, उसका क्या हुआ, यह किसी को नहीं पता।"

पत्रकार वार्ता के दौरान गहलोत और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने एक बुकलेट भी जारी की, जिसमें बिहार की बीते 20 वर्षों की स्थिति और केंद्र सरकार की नीतियों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

# पूर्णिया में विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिला स्तर पर नोडल एजेंसियों की समन्वय बैठक सम्पन्न

## जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार और पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत की संयुक्त अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से गुरुवार को पूर्णिया के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत की संयुक्त अध्यक्षता में सभी नोडल एजेंसियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सम्पन्न हुई, जिसमें चुनाव कार्यों में सहयोगी विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**विमानन, सीमा शुल्क, आयकर, राजस्व और मादक पदार्थ नियंत्रण विभागों की भागीदारी**

बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया), सीमा शुल्क (कस्टम्स प्रिवेंटिव), केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग (सीजीएसटी), आयकर विभाग (इनकम टैक्स विभाग), प्रवर्तन निदेशालय (डायरेक्टरेट ऑफ एनफोर्समेंट), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), राज्य परिवहन विभाग, राजस्व गुप्तचर निदेशालय (डीआरआई), राज्य पुलिस विभाग, डाक विभाग, राज्य उत्पाद विभाग (एक्साइज) तथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर / वाणिज्य कर विभाग (एसजीएसटी/सीटी) के अधिकारी शामिल हुए।

जिलाधिकारी ने सभी एजेंसियों से कहा कि आवश्यकता पड़ने



अधिकारियों एव राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के साथ डीएम की बैठक

पर आपसी समन्वय बनाते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि चुनाव को निर्बाध एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

**व्यय अनुश्रवण शाखा ने दी निगरानी दलों की जानकारी**

बैठक में नोडल पदाधिकारी सह अपर आयुक्त (व्यय अनुश्रवण शाखा) देवानंद शर्मा ने बताया कि उड़नदस्ता दल (फ्लाइंग सर्विलांस टीम) और स्थैतिक निगरानी दल (स्टैटिक सर्विलांस टीम) द्वारा निर्वाचन अवधि में लगातार निगरानी की जा रही है। इन दलों के माध्यम से अवैध नकदी, शराब, नशीले पदार्थ, कीमती धातुएं तथा उपहार-सामग्री (फ्रीबीज़) जैसी वस्तुओं को जब्त किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

**बैंक प्रबंधकों के साथ विशेष बैठक – संदिग्ध खातों पर नजर**

चुनाव व्यय नियंत्रण के लिए महानंदा सभागार, पूर्णिया में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों की एक विशेष बैठक भी आयोजित की गई।इस बैठक में अभ्यर्थियों के लिए अलग बैंक खाता खोलने और उसका संधारण करने से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। सभी बैंक शाखाओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि किसी भी संदेहास्पद बैंक खाते की जानकारी मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) के माध्यम से व्यय प्रेक्षक और व्यय अनुश्रवण शाखा को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। बैठक में निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों की जानकारी दृश्य प्रस्तुतीकरण (पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन) के माध्यम से दी गई। साथ ही, बैंक कर्मियों को निर्देशित किया गया कि अभ्यर्थियों को चुनाव व्यय हेतु अलग खाता खोलने में पूरा सहयोग प्रदान करें।

**सभी विभागों के बीच समन्वय और सतर्कता जरूरी**

जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने कहा कि सभी विभागों के बीच समन्वय और सतर्कता से ही निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करते हुए अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जाए। बैठक का संचालन मीडिया कोषांग, पूर्णिया द्वारा किया गया।

**- : बड़े लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश :-**

**बैठक में स्पष्ट रूप से बताया गया कि—**

1-यदि किसी खाते में एक लाख रुपये से अधिक की नकद जमा या निकासी होती है, तो उसकी जांच आवश्यक होगी।

2-यदि किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल के खाते में एक लाख रुपये से अधिक का नकद लेन-देन पाया जाता है, तो तत्काल जांच की जाएगी।

3-वहीं, यदि किसी बैंक खाते में दस लाख रुपये से अधिक की नकद जमा या निकासी होती है, तो संबंधित बैंक शाखा को इसकी सूचना आयकर विभाग के नोडल पदाधिकारी को तुरंत देनी होगी।

# पूर्णिया में विधानसभा चुनाव 2025 : अर्धसैनिक बलों का आगमन, जिला प्रशासन ने तैयार की सुरक्षा योजना

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**जिला प्रशासन ने की संयुक्त बैठक, चुनाव में सुरक्षा और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने पर हुई विस्तृत चर्चा**

विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिले में अर्धसैनिक बलों का आगमन शुरू हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा भैयमुक्त, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को महानंदा सभागार, पूर्णिया में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार और पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अर्द्धसैनिक बलों के कमांडेंट, असिस्टेंट कमांडेंट एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।



सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ डीएम और एसपी की संयुक्त बैठक ,सुरक्षा पर चर्चा

**विस्तृत कार्ययोजना पर हुई चर्चा**

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को मतदान की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक जिले में विधि व्यवस्था बनाएरखने के लिए आवश्यक कदमों पर भी विस्तार से मार्गदर्शन किया गया।

**पुलिस और अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय पर जोर**

जिला प्रशासन के द्वारा दी गयी जानकारी में यह भी बताया गया,कि अर्धसैनिक बलों की तैनाती से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा में मजबूती आएगी और चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोकने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय को भी सुदृढ़ करने के लिए विशेष दिशा निर्देश जारी किए।

**गड़बड़ी या हिंसा को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं**

इस बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह संदेश दिया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 पूर्णिया जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न होंगे। अधिकारियों ने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी संबंधित कर्मियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का निर्देश दिया गया है।

**मतदान में भाग लेने की अपील,**

जिला प्रशासन ने नागरिकों से भी मतदान में भाग लेने की अपील की है और आश्वस्त किया है कि सुरक्षा की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उनके लिए सुनिश्चित की गई हैं। इस दिशा में प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

1 अर्धसैनिक बलों की तैनाती से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा मजबूत होगी।

2 चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने पर जोर।

3 प्रशासन ने स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

4 नागरिकों से शांतिपूर्ण मतदान में भाग लेने की अपील।

# चुनाव : डीएम ने तैयारियों पर रिटर्निंग ऑफिसर्स के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग से की समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने गुरुवार को सभी रिटर्निंग ऑफिसर्स (RO) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चुनावी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सभी RO द्वारा किए गए अद्यतन कार्यों और चुनाव की प्रक्रिया में अब तक की गई तैयारियों की प्रगति की चर्चा की गई।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ROs को चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान स्थल की सुरक्षा, निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता, मतदान कर्मचारियों के प्रशिक्षण और मतदाता जागरूकता अभियान पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। इस अवसर पर श्री कुमार ने चुनाव प्रक्रिया के निष्पादन में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने सभी ROs से आग्रह किया कि वे तकनीकी और प्रशासनिक दोनों तरह की तैयारियों को सुनिश्चित करें, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में आगामी कार्य योजनाओं और समयसीमा की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# पूर्णिया पुलिस ने जनता दरबार में सुनी आमजन की समस्याएँ, तत्काल निस्तारण के निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

गुरुवार को पूर्णिया में पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखा। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं को शीघ्र सुनना और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था।



पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया और संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। यातायात, कानून व्यवस्था, और अन्य नागरिक समस्याओं से जुड़ी शिकायतों का समाधान तुरंत कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए

# प्रकाश टोयोटा में इस बार विशेष दिवाली स्पेशल : डबल धमाका बोनांजा ऑफर्स

## अपने सपनों की कार इस त्योहारी सीज़न में आसानी से घर लायें




**न्यूज स्केल पूर्णिया**

दिवाली के अवसर पर प्रकाश टोयोटा ने ग्राहकों के लिए विशेष 'डबल धमाका बोनांजा ऑफर्स के साथ जीएसटी ड्रॉप की घोषणा की है। इस योजना के तहत खरीदारों को जीएसटी लाभ के साथ दिवाली डिस्काउंट का दोहरा फायदा मिलेगा। कंपनी ने सभी प्रमुख मॉडलों पर आकर्षक लाभ प्रदान किए हैं, जिससे ग्राहक अपने सपनों की कार इस त्योहारी सीज़न में आसानी से घर ला सकते हैं। उक्त जानकारी प्रकाश टोयोटा के मार्केटिंग मैनेजर रवि रंजन ने दी, उन्होंने कहा कि इस बार ख़ास बात यह है कि अधिकतम लाभ की बात करें तो टोयोटा के ग्लैइंजा गाड़ी पर ₹2,12,662, इनोवा क्रिस्टल पर ₹2,25,750, अर्बन क्रूजर ह्यरीडेर,हायराइडर पर ₹81,750, फरचूनर पर ₹3,40,250, लीजेंडर पर ₹4,36,250, रूमीऑन पर ₹60,875 और टाइसर पर ₹2,29,032 तक का लाभ **ग्राहकों कों मिलेगा।**

1 टोयोटा के ग्लैइंजा गाड़ी पर (रुपये )2,12,662,तक का लाभ

2 इनोवा क्रिस्टल पर (रुपये )2,25,750, की छूट तक का लाभ

3 अर्बन क्रूजर ह्यरीडेर,हायराइडर पर (रुपये )81,750, तक का लाभ

4 फरचूनर पर (रुपये ) 3,40,250, तक का लाभ

5 लीजेंडर पर (रुपये )4,36,250, तक का लाभ

6 रूमीऑन पर (रुपये )60,875 तक का लाभ

7 टाइसर पर (रुपये )2,29,032 तक का लाभ

**आसान फाइनेंस विकल्प,एक्सचेंज बोनस और त्योहारी गिफ्ट्स**

प्रकाश टोयोटा के मार्केटिंग मैनेजर रवि रंजन ने बताया कि कंपनी ने ग्राहकों की सुविधा के लिए आसान फाइनेंस विकल्प, एक्सचेंज बोनस और त्योहारी गिफ्ट्स की भी व्यवस्था की है।उन्होंने ने बताया कि "इस दिवाली अपने सपनों की कार घर लाने का यह सबसे सुनहरा मौका है। ग्राहक इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी पसंदीदा टोयोटा कार पर विशेष लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि हमारा "टोयोटा शोरूम NH-31, बरसौनी, पूर्णिया में स्थित है,इसके अलावा ग्राहक अलीगंज (भागलपुर) और NH-57 (फारबिसगंज, अररिया) स्थित शाखाओं पर भी जाकर ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं।

# उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने किया नगर निगम कार्यालयों का निरीक्षण

## शहर को सुंदर, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने का संदेश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**जनता से प्लास्टिक उपयोग कम करने और कचरा उचित स्थान पर फेंकने की अपील।**

पूर्णिया नगर निगम की उप महापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालयों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को आम जनता से जुड़े कार्यों को त्वरित और सुचारू रूप से निपटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने कहा कि नगर निगम स्मार्ट सिटी की दिशा



में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे मिलकर पूर्णिया को सुंदर, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान दें।उप महापौर ने आम जनता से भी अनुरोध किया कि वे प्लास्टिक के उपयोग से बचें और कचरे को उचित स्थान पर निपटाएं। उन्होंने त्यौहार कों स्वच्छ वातावरण और स्वच्छता के बीच मनाने की अपील की !

# चुनाव की तैयारी : पूर्णिया में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्य पूरा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया जायजा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिले में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण जोरों पर चल रहा है। जिले के छह प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रथम चरण का प्रशिक्षण 9 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

**कुल 5246 प्रथम व तृतीय मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षित**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी छह केंद्रों पर कुल 5246 प्रथम एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त किया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी पीठासीन पदाधिकारियों को मॉकपोल कराकर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससेउन्हें मतदान प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ सुनिश्चित हो सके।कुशल मास्टर ट्रेनरों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणजिले में कुशल कर्मियों की उपलब्धता को ध्यानमें रखते हुए कुल 301 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए, जिनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षणोपरांत सभी कर्मियों से फीडबैक लिया गया और उनके बीच मतदान के लिए फॉर्म 12 का वितरण भी किया गया।



## पहले चरण में कुल 23,246 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया

जिले में चुनाव कार्य के लिए चिन्हित 23,246 मतदान कर्मियों को पहले चरण में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में 6 अक्टूबर 2025 से 9 अक्टूबर 2025 तक चलाया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

इसी कड़ी में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने गुरुवार को जिला स्कूल, पूर्णिया में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण दे रहे मास्टर प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मतदान प्रक्रिया की गुणवत्ता सुनिश्चित की।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण की इस कड़ी के पूरा होने के बाद मतदान कर्मियों की दक्षता सुनिश्चित होगी, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

**» प्रशिक्षण केंद्रों पर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण**

जिले में विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण में छह केंद्रों पर कुल 5246 प्रथम व तृतीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

**» मास्टर ट्रेनरों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण :**

जिले में 301 कुशल मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया और प्रशिक्षुओं को मॉक पोल एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया।

**» फॉर्म 12 का वितरण और फीडबैक :**

प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद सभी कर्मियों को फॉर्म 12 वितरित किया गया और उनसे फीडबैक प्राप्त किया गया।

**» जिला निर्वाचन पदाधिकारी का निरीक्षण :**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया और प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अर्धसैनिक बलों का आगमन,जिले मे हुआ भव्य स्वागत

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**




बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए अर्धसैनिक बलों (CAPF) का पूर्णिया जिले में आगमन शुरू हो गया है। प्रशासन ने सुरक्षा बलों को मतदाता सुरक्षा, मतदान स्थल की निगरानी और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

**स्वागत समारोह में पारंपरिक अंदाज**

गुरुवार को आदर्श मध्य विद्यालय, सरसी में निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ने CAPF कंपनी के अधिकारियों का गुलदस्ता और फूल माला पहनाकर सम्मान किया। वहीं, ग्रामीण महिलाएं और छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गीत, नृत्य और आरती कर भव्य स्वागत किया। यह समारोह स्थानीय संस्कृति और परंपरा को दर्शाने वाला एक उत्सवमय आयोजन रहा।

**प्रशासन का संदेश और मतदान सुरक्षा**

अनुमंडल पदाधिकारी ने बलों की तैनाती को जिले में मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बलों की उपस्थिति से मतदाताओं और चुनाव कर्मियों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और किसी भी अनियमितता की संभावना कम होगी। प्रशासन का यह कदम आगामी विधानसभा चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# रहूआ—कामत सड़क मरम्मत व नहर पर पुल निर्माण से ग्रामीण हुए उत्साहित

**न्यूज स्केल हरदा**

केनगर प्रखंड के रहूआ पंचायत के पोखरिया टोला से कामत टोला तक की कबैया बहियार सड़क का मरम्मत कार्य और बैजनाथ पुर उप वितरणी नहर पर पुल निर्माण को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण उत्साहित हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नहर पर पुल के अभाव में आवागमन और फसल ढुलाई में काफी कठिनाई होती थी। इसके चलते लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। बीते कुछ समय पूर्व, सड़क मरम्मत कार्य और नहर पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने इस पहल से राहत की भावना व्यक्त की।



वार्ड सदस्य मो सुहान उर्फ मिंटू ने कहा कि सड़क मरम्मत और पुल निर्माण से ग्रामीणों का दैनिक जीवन आसान होगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर मो इंसान, विजय पासवान, मो जैनुल, मो सादिक, प्रकाश पासवान, मो जुम्मन, मो आशिफ, मो जहांगीर, राधे पासवान समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केनगर थाना क्षेत्र में बकाया विवाद : फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**न्यूज स्केल केनगर**



केनगर थाना पुलिस ने बकाया पैसे के विवाद में हुई मारपीट के एक फरार नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शकलदेव शर्मा थाना क्षेत्र के परोरा पंचायत के मिल्की टोला परोरा गाँव का निवासी है।

उन्होंने बताया कि शकलदेव शर्मा पर मुकदमा दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था। मामला बीते साल 20 जून 2023 का है, जब स्व0 खीर मोहन शर्मा के पुत्र बीरबल शर्मा ने कुल 9 लोगों के खिलाफ केनगर थाना में कांड संख्या-376/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस प्राथमिकी में बकाया राशि को लेकर विवाद और मारपीट की घटनाओं का विवरण था।

पुलिस की तत्परता और सक्रियता से अब आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई जारी है।

# बाल विकास परियोजना कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान




**न्यूज़ स्केल केनगर**

केनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में सीडीपीओ अमृता वर्मा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

**सेविकाओं को दिए निर्देश**

इस दौरान सीडीपीओ अमृता वर्मा ने सभी सेविकाओं और सहायिकाओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में बुजुर्ग, विकलांग और युवा मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जागरूक करें। उन्होंने मतदाताओं को अपने अधिकार के प्रति सजग रहने और "पहले करो मतदान, फिर जलपान" का नारा बुलंद करने का आह्वान किया।

**पोस्टल बैलेट और मतदाता आंकड़े**

सीडीपीओ अमृता वर्मा ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध है। केनगर प्रखंड के कुल 17 पंचायतों और नगर पंचायत चम्पानगर समेत 18 पंचायत क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 1,52,279 है। इसमें पुरुष मतदाता 79,503, महिला मतदाता 72,768 और थर्ड जेंडर मतदाता 8 शामिल हैं

# एनक्वास प्रमाणीकरण की दिशा में तेजी :औराही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बना उदाहरण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया ( बड़राहा कोठी)**

पूर्णिया के बड़राहा कोठी प्रखंड स्थित औराही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बुधवार को राज्यस्तरीय टीम के नेतृत्व में केंद्र का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रयोगशाला, मैटरनिटी वार्ड, ऑक्सिलरी सर्विस और प्रशासनिक विभाग सहित केंद्र के सभी प्रमुख विभागों का मूल्यांकन किया गया। टीम ने कार्यप्रणाली, स्वच्छता स्तर, उपकरण उपलब्धता और मरीज अनुभव का बारीकी से आकलन किया।



निरीक्षण के दौरान कई कमियों की पहचान की गई और उनके समाधान हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

**सुधार और सामूहिक प्रयास :**

एसेसर सुमन सिन्हा ने कहा कि केंद्र के कर्मचारी पहले ही एनक्वास मानकों के अनुरूप सेवाएं प्रदान करने में सक्रिय हैं। उन्होंने सभी विभागों के कर्मचारियों को शेष कमियों को निर्धारित समयसीमा में दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास और समर्पण की आवश्यकता बताई। राज्य स्वास्थ्य समिति के आंतरिक आकलनकर्ताओं ने भी केंद्र के कर्मचारियों के उत्साह और सक्रिय भागीदारी की सराहना की, जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद बढ़ी।

**प्राथमिक लक्ष्य – राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण :**

डीसीक्यूओ डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बायोवेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता, मरीज फीडबैक, हाउसकीपिंग, लांड्री, इलेक्ट्रिकल ऑडिट और फायर सेफ्टी मैनेजमेंट में सुधार के सुझाव दिए। डीपीसी डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि राज्यस्तरीय एनक्वास प्रमाणीकरण प्राप्त करना केंद्र का मुख्य लक्ष्य है और इसके लिए अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मिलकर लगातार कार्य कर रहे हैं।

**मरीजों को सुरक्षित और व्यवस्थित सेवाएं :**

सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया ने कहा कि प्रमाणीकरण मिलने के बाद मरीजों को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित सेवाएं प्राप्त होंगी। यह ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच को मजबूत करेगा और पूरे बिकोठी प्रखंड के स्वास्थ्य ढांचे के लिए मील का पत्थर साबित होगा। नागरिकों से अपील की गई कि वे केंद्र की सेवाओं का लाभ लें,।

# मृतक का शव घर पहुंचते ही उमड़ी भीड़,मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल हरदा**

कामाख्या ओपी क्षेत्र के भवानीपुर गांव में बीते मंगलवार को जलनिकासी को लेकर हुई हिंसक झड़प में घायल अवधेश कुमार यादव का इलाज के दौरान निधन हो गया। गुरुवार को उनका शव पैतृक गांव पहुंचते ही स्वजनों के चीत्कार माहौल गमगीन हो गया, इस दौरान गांववालों की भीड़ उमड़ पड़ी सबकी आँखे नम थी ! घटना की सूचना पर मरंगा थाना से फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। कामाख्या



ओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि मृतक की माता बिमला देवी के लिखित आवेदन के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमे में शामिल एक आरोपी सोमू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हालांकि, अन्य आरोपी गुलशन कुमार, शंभू यादव, कविता देवी, रेखा देवी, सन्नी कुमारी और विशेखा देवी अभी भी फरार हैं।

थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि कांड संख्या 332/25 के तहत फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्यवाई जारी है।

# अनगढ़ पुलिस ने 05 लीटर अवैध शराब किया बरामद, तीन गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल अमौर**

अनगढ़ थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल से कुल 05 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौक़े से दो अभियुक्तों को शराब तस्करी के आरोप में और एक को शराब पीते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में नागेसर शर्मा, उम्र 40 वर्ष, पुत्र स्व0 जयनारायण शर्मा, खाड़ी महीनगांव, थाना अमौर, जिला पूर्णिया; कमल कुमार शर्मा, उम्र 30 वर्ष, पुत्र मनोज शर्मा, कमरा, थाना बलरामपुर, जिला कटिहार शामिल हैं। वहीं, गल्ली महतो, उम्र 30 वर्ष, पुत्र स्व0 मुसहरी लाल महतो, धुसमल, थाना अनगढ़, जिला पूर्णिया को शराब पीते हुए पकड़ा गया।

पुलिस ने सभी अभियुक्तों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की अवैध शराब तस्करी और सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अग्रिम कार्रवाई जारी है।




# पूर्णिया में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, बालक किया गया निरुद्ध

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया सिटी चौकटी0ओ0पी0 (सदर थाना) के द्वारा बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ की गई विशेष छापामारी में सफलता हासिल हुई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक टोटो वाहन से कुल 08.100 लीटर विदेशी शराब जब्त की। इस छापामारी में एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापामारी जारी है।टी0ओ0पी0 ने कहा कि जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी को रोकने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार की कार्रवाई से न केवल अवैध शराब की आपूर्ति पर अंकुश लगेगा



# समीक्षा बैठक : प्रोबेशन कार्यों की समीक्षा में पूर्णिया प्रमंडल अव्वल, सभी जिलों की प्रगति रही संतोषजनक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

प्रक्षेत्रीय जिला प्रोबेशन कार्यालय, पूर्णिया में गुरुवार को उपनिदेशक (प्रोबेशन), पूर्णिया प्रमंडल शंभू मंडल की अध्यक्षता में प्रमंडल के चारों जिलों — अररिया, किशनगंज, पूर्णिया तथा कटिहार — के प्रोबेशन पदाधिकारियों की अद्यतन कार्य प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपनिदेशक ने सभी जिलों के प्रोबेशन अधिकारियों से उनकेअपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की।



**सितंबर माह में सभी जांच रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत**

समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सितंबर 2025 में माननीय न्यायालयों से कुल 63 पूर्व दण्डादेश जांच प्राप्त हुई थी, जिनमें से सभी 63 मामलों की जांच पूरी कर रिपोर्ट न्यायालय को समर्पित कर दी गई है।

इसी प्रकार, किशोर न्याय परिषद से प्राप्त 81 सामाजिक अन्वेषण जांचों का भी समय पर अनुपालन करते हुए सभी रिपोर्टें जेजेबी (जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड) को प्रेषित कर दी गईं।

**अपराध पीड़ित परिवारों का चिन्हितिकरण जारी**

अपराध पीड़ित परिवारों की पहचान से संबंधित प्रगति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि कुल 53 मामलों की जांच प्राप्त हुई, जिनमें से 44 पीड़ित परिवारों का चिन्हितिकरण पूरा कर रिपोर्ट संबंधित जेलों को भेज दी गई है। उपनिदेशक श्री शंभू मंडल ने शेष 09 मामलों की रिपोर्ट दो दिनों के भीतर संबंधित कारागारों को भेजने का निर्देश दिया।

**मोबाइल नंबर सत्यापन में भी दिखी तत्परता**

बैठक में अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुल 212 मोबाइल नंबर सत्यापन हेतु प्राप्त हुए, जिनमें से 157 नंबर सत्यापित और 55 असत्यापित पाए गए। इन सभी का प्रतिवेदन संबंधित जेल प्रशासन को समय पर भेज दिया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य 31 प्राप्त मामलों की जांच रिपोर्टें भी समय पर पूरी कर प्रेषित कर दी गई हैं।

**उपनिदेशक ने की सराहना**

बैठक के अंत में उपनिदेशक शंभू मंडल ने सभी प्रोबेशन पदाधिकारियों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि समयबद्धता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता प्रोबेशन कार्यों की मूल आत्मा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगे भी इसी समर्पण और तत्परता के साथ न्यायालयीन एवं सामाजिक मामलों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभाते रहें।

## पूर्णिया में आँगनबाड़ी केन्द्रों पर PWD मतदाता जागरूकता और स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा निर्देश के आलोक में गुरुवार को पूर्णिया जिले के सभी प्रखंडों के आँगनबाड़ी केन्द्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग (PWD) मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) के मार्गदर्शन में किया गया। आँगनबाड़ी केन्द्रों पर बाल विकास परियोजना के पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के नेतृत्व में आँगनबाड़ी सेविकाओं ने दिव्यांग मतदाताओं को उनके वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्हें समझाया गया कि "हर वोट, हर भागीदारी और हर आवाज लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाती है।" कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान के अधिकारों, प्रक्रिया और उनके योगदान की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि PWD मतदाता मतदान केन्द्रों तक आसानी से पहुँच सकें। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर रैंप और व्हीलचेयर की सुविधा प्रदान की गई। अधिकारियों ने परिवार के सदस्यों से आग्रह किया कि यदि परिवार में कोई दिव्यांग मतदाता है, तो उन्हें अवश्य मतदान केन्द्र तक पहुँचाएं और मतदान कराएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है।

# चुनावी बैठक : बनमनखी अनुमंडल कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**, न्यूज स्केल :बनमनखी**

बनमनखी अनुमंडल वेश्म कक्ष में गुरुवार को निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम प्रमोद कुमार ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान और चुनाव प्रचार से संबंधित तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम, बीडीओ अशोक कुमार, अंचलाधिकारी अजय कुमार रंजन, भाजपा के दिलीप झा, जेडीयू के प्रदीप मेहता, राजद के उमेश पासवान सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



**मतदाता सूची और सुविधाजनक मतदान:** एसडीएम प्रमोद कुमार ने सभी प्रतिनिधियों को मतदाता सूची में नए वोटरों के समावेश और मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु आम मतदाता को जागरूक करने पर जोर दिया। इसके साथही नए सृजित बूथों की जानकारी और संचालन की रूपरेखा भी साझा की गई। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**निर्वाचन खर्च और बैंक खाता:** बैठक में प्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अलग बैंक खाता अनिवार्य है और चुनाव से जुड़े सभी खर्च उसी खाते से किए जाएंगे। अधिकतम खर्च की सीमा ₹40 लाख निर्धारित है। किसी भी व्यक्ति को पूरे निर्वाचन अवधि में ₹10,000 से अधिक नगद भुगतान या चंदा स्वीकार करना प्रतिबंधित है।

**व्यय लेखा और निरीक्षण:** अभ्यर्थी को अपने व्यय लेखा को कम से कम तीन बार निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निरीक्षण समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक निर्धारित है। लेखा पंजी का मिलान SOR से किया जाएगा और व्यय पंजी में दर्ज न होने वाले खर्च को अभ्यर्थी या अभिकर्ता द्वारा दर्ज करना अनिवार्य होगा। व्यय लेखा प्रस्तुत न करने पर "कारण बताएं" नोटिस जारी किया जाएगा, और अनुपालन नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**जनसभा और रैली की अनुमति :** किसी भी जनसभा या रैली के लिए अनुलग्नक D1 प्रपत्र में आवेदन आवश्यक है। अनुमति R.O./SDM द्वारा दी जाएगी और इसके लिए सिंगल खिड़की कोषांग कार्यरत है। आवेदन में अनुमानित व्यय विवरण देना अनिवार्य होगा। सभी सभा और रैली की वीडियोग्राफी V.S.T. द्वारा कराई जाएगी।

# कृषि महाविद्यालय, पूर्णियाँ में अब मिलेंगे किसानों और आमजनों के बागवानी के लिए फलदार वृक्ष, पुष्प और सजावटी पौध

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय के उद्यान विभाग द्वारा किसानों और आमजनों के लिए फलदार वृक्ष, पुष्प और सजावटी पौध का उत्पादन और बिक्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ डी॰ के॰ महतो ने बताया कि अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से आमजन इन पौधों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर पर खरीद सकेंगे।

**उत्पादन और उपलब्धता :** कुलपति डॉ॰ डी॰ आर॰ सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय ने आम, कागजी नींबू, अमरूद सहित विभिन्न फलदार वृक्षों के साथ-साथ सजावटी पौध और मौसमी



कृषि महाविद्यालय की पहल किसानों और उद्यानिकी प्रेमियों के लिए आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित करेगी, साथ ही स्थानीय बागवानी क्षेत्र को भीसुदृढ़बनाएगी।

पुष्प का उत्पादन शुरू किया है। उद्यान विभागाध्यक्ष डॉ॰ आशीष रंजन ने बताया कि नर्सरी में उच्च गुणवत्ता वाले पौध पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और आवश्यकता अनुसार अन्य प्रकार के पौध भी तैयार किए जाएंगे। कृषि अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ॰ रणवीर कुमार ने कहा कि उद्यानिकी फसलें अन्य फसलों की तुलना में अधिक प्रति इकाई आय प्रदान करती हैं, जिससे किसानों की आर्थिक समृद्धि में सहायक होगा।

**नर्सरी और बिक्री विवरण :** नर्सरी प्रभारी डॉ॰ शशि रंजन प्रताप सिंह ने बताया कि आम की मालदह, जर्दालु, बाम्बेग्रीन, गुलाबखास तथा कागजी नींबू के पौध पहले से उपलब्ध हैं। सजावटी पौधों में क्रॉटॉन, रंगन, दुरंता, अल्टरनेन्थ्रा, आइरेसिन, सिंगोनियम, मनिप्लांट, फर्न, क्रासुला, रातरानी, हरसिंगार, चाँदनी, अड़हुल, थलकमल, स्नेक प्लांट, अगेव, ड्रेसिना, डिफेनबेकिया, वाँड्रिंग जिव, रियो, स्पाइडर प्लांट, साइकस, फॉक्सटेल पाम, फाइकस बेंजामिना, क्राउन ऑफ थोर्न, सफरेला आदि उपलब्ध हैं। साथ ही, जाड़े के मौसम के लिए हाइब्रिड गेंदा (पाँच रंग), गुलदावदी, बरबीना, पिटुनिया, पैंजी, एंटीराइनम, डायंथस, ऐस्टर, सालविया जैसे मौसमी पुष्प अक्टूबर से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।

# पूर्णिया में 479 लीटर कोडीन युक्त सिरप जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

गुलाबबाग टी0ओ0पी0 (सदर थाना) ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 479 लीटर कोडीन युक्त सिरप, ₹5100 नकद और एक मोबाइल जब्त किया। यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई।

**तीन अभियुक्त गिरफ्तार :** इस कार्रवाई में तीन अभियुक्तों को धर दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल हैं:



1-मो0 नूरइस्लाम, उम्र 25 वर्ष, पिता स्व0 मुजमिल हक, सा0 मिर्जाबड़ी कसबा, थाना कसबा। 2-शिवम कुमार, उम्र 26 वर्ष, पिता सत्येंद्र झा, सा0 नेवालाल चौक, थाना मरंगा।3-मनोरंजन कुमार, उम्र 29 वर्ष, पिता टुनटुन प्रसाद सिंह, सा0 नेवालाल चौक, थाना मरंगा।

तीनों अभियुक्त जिला पूर्णिया के निवासी हैं और पुलिस अब उनकी तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

**जप्त सामग्री और कानूनी प्रक्रिया :** जप्त किए गए कोडीन युक्त सिरप की बड़ी मात्रा ने पुलिस को इस मामले की गंभीरता का एहसास कराया है। पुलिस ने बताया कि यह सिरप अवैध रूप से बिक्री या वितरण के लिए रखा गया था। नकद राशि और मोबाइल भी जब्त कर आगे की जांच के लिए सुरक्षित किया गया है।

**अग्रिम कार्रवाई :** गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। टी0ओ0पी0 ने बताया कि मामले की विस्तृत छानबीन जारी है और अन्य सहयोगियों की पहचान के लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं।

# पोखरिया में काली पूजा को लेकर बैठक, तीन दिवसीय मेले की तैयारियों में जुटी कमिटी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड क्षेत्र के बेगमाबाद पोखरिया काली मंदिर परिसर में गुरुवार को आगामी काली पूजा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर कमिटी के पदाधिकारी, स्थानीय ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य तीन दिवसीय मेले की तैयारियों और पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने की रूपरेखा तैयार करना था।

**पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम:** मंदिर कमिटी के सचिव शिव शंकर कुमार और



कोषाध्यक्ष मंगल महलदार ने बताया कि इस वर्ष भी काली पूजा भव्य तरीके से मनाई जाएगी। 20 अक्टूबर को माँ काली की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद 21 और 22 अक्टूबर की रातों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय और बाहरी कलाकार अपने प्रस्तुतियों से आमजन का मनोरंजन करेंगे।

**मेले और व्यवस्थाओं की रूपरेखा :** कमिटी ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ और दुकानदारों की सुव्यवस्थित व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, प्रकाश और पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके साथ ही पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए स्थानीय प्रशासन से सहयोग की मांग की गई है।

**उपस्थित सदस्य और समिति :** इस अवसर पर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष हरिगोपाल महलदार, उपाध्यक्ष अजित भगत, सचिव शिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष मंगल महलदार, साथ ही अरुण भगत, जयप्रकाश मंडल, गोविंद साह, अजय साह, रंजीत पासवान, ज्योतिष ठाकुर, बालदेव महलदार, विनय जयसवाल सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बी0 कोठी में फ्लैग मार्च से चुनावी सुरक्षा और सुदृढ़, प्रशासन ने की सतर्कता की अपील

**न्यूज़ स्केल बड़हरा कोठी**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत पूर्णिया जिले के धमदाहा अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए एक विशेष फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी धमदाहा और संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने अर्द्धसैनिक बलों तथा स्थानीय पुलिस बल के साथ संयुक्त मार्च किया।



फ्लैग मार्च के दौरान मुख्य मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा की विशेष निगरानी की गई। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के अभियान से न केवल अपराधियों और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल पैदा होता है, बल्कि आम जनता में भी चुनावी प्रक्रिया को लेकर विश्वास और सुरक्षा का अहसास बढ़ता है। अधिकारियों ने लोगों से शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की और कहा कि चुनावी गतिविधियों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ तैनात हैं। उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च जैसी तैयारियां निर्वाचन क्षेत्र में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने में सहायक सिद्ध होंगी। पूर्णिया प्रशासन ने आम जनता से आग्रह किया कि वे इस प्रकार के सुरक्षा अभियान में सहयोग करें और निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में प्रशासन का साथ दें।

# पूर्णिया में CAPF कंपनी का भव्य स्वागत, महिला-छात्राओं ने तिलक-आरती से किया अभिनंदन

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पूर्णिया जिला में अर्द्धसैनिक बलों (CAPF) का आगमन प्रारंभ हो गया है। प्रशासनिक स्तर पर इन बलों के स्वागत और तैनाती की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

**धमदाहा में हुआ सम्मान समारोह :** इसी क्रम में गुरुवार को धमदाहा अनुमंडल में CAPF कंपनी के आगमन पर निर्वाची



पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बल के अधिकारियों और जवानों का गुलदस्ता देकर व फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और स्कूली छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**महिलाओं और छात्राओं ने बढ़ाया सम्मान :** मौके पर ग्रामीण महिलाओं और छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से माथे पर तिलक-चंदन लगाकर और आरती दिखाकर अर्द्धसैनिक बलों का भव्य स्वागत किया। यह दृश्य स्थानीय लोगों में सुरक्षा और विश्वास का भाव जगाने वाला रहा। उपस्थित लोगों ने बल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके आगमन से चुनाव के दौरान शांति, सुरक्षा और निष्पक्षता का वातावरण बनेगा।

**प्रशासन की तैयारियां तेज :** जिला प्रशासन ने बताया कि CAPF कंपनियों की तैनाती जिले के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर की जाएगी। वहीं, स्थानीय पुलिस और अर्द्धसैनिक बल मिलकर संयुक्त गश्ती और फ्लैग मार्च भी करेंगे ताकि मतदाताओं में विश्वास का माहौल बना रहे।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 : अररिया में प्रशिक्षण कार्य का डीएम ने लिया जायजा

## डीएम ने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षु को ईवीएम, वीवीपैट, मतगणना और निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी होनी चाहिए ताकि मतदान दिवस पर त्रुटि न हो

**अररिया,** (हि.स.) बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार ने गुरुवार को जिले के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टार ग्लोबल पब्लिक स्कूल, अररिया में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया और उपस्थित मास्टर ट्रेनरों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्रक्रिया की सुचारुता और कार्यकुशलता पर विशेष बल देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता और दक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**प्रशिक्षण के महत्व पर बल**

डीएम अनिल कुमार ने प्रशिक्षण केंद्र में उपस्थित कर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षु को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम और वीवीपैट के संचालन, मतगणना की प्रक्रिया और निर्वाचन से जुड़े दिशा-निर्देशों की गहन जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि सही और प्रभावी प्रशिक्षण ही निष्पक्ष और त्रुटिरहित मतदान की कुंजी है। इसलिए सभी कर्मियों को अपने दायित्वों के प्रति पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।



**मूलभूत सुविधाओं की जांच और निर्देश :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्रों पर पेयजल, बैठने की सुविधा, विद्युत व्यवस्था तथा तकनीकी उपकरणों की स्थिति का भी बारीकी से अवलोकन किया।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सफल एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की तैयारी** : डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण निरीक्षण का उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को सफल, पारदर्शी और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराना है। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। ज्ञात हो कि जिले में स्टार ग्लोबल पब्लिक स्कूल, अररिया पब्लिक स्कूल, एम.जी.एस. उच्च विद्यालय अररिया आर.एस. तथा स्कॉटिश पब्लिक स्कूल राजोखर को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। यहां 8 अक्टूबर से आरंभ हुआ प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।

## ऑब्जर्वर आवासन व्यवस्था को लेकर डीएम ने किया जिला अतिथि गृह का निरीक्षण



**अररिया,** (हि.स.) बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर अररिया जिला प्रशासन ने तैयारियों को और तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार ने जिला अतिथि गृह, अररिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य चुनाव के दौरान जिले में आने वाले प्रेक्षकों (ऑब्जर्वर्स) के आवासन एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा ]\\ करना था। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी सुविधाओं को निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रेक्षकों के लिए आवास, संचार सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक सहूलियतें समय पर तैयार कर ली जाएं ताकि चुनावी कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर प्रेक्षक कोषांग के नोडल पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की घोषणा कर दी गई है। बिहार में चुनाव दो चरणों में होंगे। अररिया जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान द्वितीय चरण में 11 नवंबर 2025 (मंगलवार) को कराया जाएगा। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में सभी तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं।

## आचार संहिता उल्लंघन पर चार राजनीतिक दल के नेताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**अररिया,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है इसी क्रम में फारबिसगंज थाना क्षेत्र में चार प्रमुख राजनीतिक दल के नेताओं के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया है। फारबिसगंज के अंचलाधिकारी पंकज कुमार द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 528/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। नामजद अभियुक्तों में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरदीप जायसवाल, भाजपा के जिला महामंत्री सह जिला परिषद सदस्य आकाश राज गुप्ता, राजद के जिला प्रवक्ता एवं



वर्तमान में कांग्रेसी नेता मनोज विश्वास, तथा जन सुराज के नेता मोहन आनंद शामिल हैं। फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अंचलाधिकारी के आवेदन पर चारों नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी तरह की अवैध राजनीतिक गतिविधियों या आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीताधार उफान से फारबिसगंज में जलजमाव, कई मोहल्लों में मची हाहाकार, नप प्रशासन जल निकासी कार्य में जुटा

**अररिया,** (हि.स.) फारबिसगंज शहर के बीचोंबीच बहने वाली सीताधार नदी एक बार फिर स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। नरपतगंज प्रखंड के मिर्जापुर स्थित नहर के टूटने से नेपाल की ओर से बड़ी मात्रा में पानी आने लगा, जिसके चलते सीताधार का जलस्तर अचानक बढ़ गया। परिणामस्वरूप काली मेला रोड, कुबेर टोला, सीताधाम सहित कई मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।



पानी के ठहराव के साथ ही जलकुंभी की अधिकता ने हालात को और बिगाड़ दिया है। जल निकासी अवरुद्ध हो जाने से निचले इलाकों के घरों और सड़कों पर पानी भर गया है। समाजसेवी रमेश मेहता ने नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय पर जलकुंभी नहीं हटाई गई, जिसके कारण आज स्थिति विकराल हो गई है। बढ़ते जलजमाव से परेशान लोगों ने काली मेला रोड पर कुछ देर के लिए प्रदर्शन किया। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद लोगों को शांत कराया गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी, उपमुख्य पार्षद नूतन भारती, कार्यपालक पदाधिकारी, स्वच्छता प्रभारी और प्रधान सहायक सहित पूरा अमला मौके पर पहुंच गया। प्रशासनिक टीम जलकुंभी हटाने और पानी की निकासी बहाल करने में जुटी। एसडीओ रंजीत कुमार रंजन ने भी संबंधित अधिकारियों को तत्काल जलकुंभी साफ करने और जल निकासी सुचारू करने का निर्देश दिया है। मुख्य पार्षद वीणा देवी ने बताया कि नगर परिषद की ओर से जलकुंभी हटाने का कार्य जारी है। आईटीआई के पास स्थित साइफन की सफाई पूरी कर दी गई है, जिससे अब पानी का बहाव सामान्य हो गया है।

## मतदाता जागरुकता अभियान में जोर-शोर से जुटीं जीविका दीदियां



**अररिया,** (हि.स.) अररिया जिले में 11 नवंबर को मतदान होना है। ऐसे में नेता से लेकर जनता तक में चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। ऐसे में मतदाताओं को जागरूक करने की कवायद भी तेज हो चुकी है। इसी कड़ी में जिले के सभी नौ प्रखंडों की जीविका दीदियां खुद जागरूक होने के साथ-साथ दूसरे मतदाताओं को भी जागरूक करने में लगी है। इसके तहत गुरुवार को जीविका दीदियों ने जगह-जगह इकट्ठा होकर मतदान करने को लेकर शपथ लिया और लोगों को मतदान के दिन अपना मतदान निश्चित रूप से करने की अपील की, जिससे कि अधिक-से-अधिक लोगों की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित हो सके और मतदान का प्रतिशत बढ़ सके।जीविका दीदियों की ओर से मेंहदी, रंगोली, सामूहिक शपथ ग्रहण, प्रभात फेरी, रात्रि चौपाल आदि गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है।

## अररिया में विधानसभा चुनाव से पहले वाहन जांच अभियान

**अररिया,** (हि.स.) बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अररिया, श्री अनिल कुमार के निर्देश पर सभी संबंधित विभाग सक्रिय हैं। इसी कड़ी में 08 अक्टूबर 2025 को जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। जांच के दौरान बिना हेल्मेट, ड्राइविंग लाइसेंस और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला



परिवहन पदाधिकारी ने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे आवश्यक कागजात अपने साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिले में वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई है, ताकि किसी भी अवांछित तत्व या उपद्रवी गतिविधि पर नियंत्रण रखा जा सके। मौके पर संबंधित पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने मध्याह्न भोजन कर्मी घायल, हालत नाजुक

**भागलपुर,** (हि.स.) जिले के नवगछिया के कामाख्या पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे जा रहे युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के प्यारमपुर निवासी राजवीर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजवीर पिछले चार महीने से नवगछिया में मिड-डे मील योजना के तहत खाना बनाने का काम कर रहा था।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद साथी कर्मियों ने तुरंत राजवीर को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोक लिया लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और फरार चालक की तलाश कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में 13 वर्षीय बालक की मौत

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के हनुमान नगर रोड के समीप गुरुवार को एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय गुलशन कुमार की मौत हो गई। गुलशन नया नगर गंगलदेय गाँव निवासी उपेंद्र मंडल का पुत्र था। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह दूध पहुँचाने के लिए घर से निकला था, तभी हनुमान नगर रोड के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में गुलशन को देखने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो



चुकी थी। आसपास के लोगों ने तुरंत घटना की सूचना परिजन को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुँचे और कहलगांव थाना को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कहलगांव पुलिस मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। इस घटना से पूरे गाँव में शोक की लहर फैल गई है और परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर ट्रैक्टर और चालक की पहचान में जुटी हुई है। कहलगांव थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और फरार चालक की तलाश तेज कर दी गई है।

## कारोबारी से दिनदहाड़े सोने का कड़ा और गले के चेन की छिनतई

**अररिया** (हि.स.) फारबिसगंज के चर्चित कारोबारी जयकुमार अग्रवाल से गुरुवार को दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने ठगी कर करीब सात लाख रुपये मूल्य के सोने के कड़े और गले की चेन की छिनतई कर ली। यह घटना पटेल चौक स्थित खोखा बाबू के गोला के पास घटी और पूरी वारदात नगर परिषद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलने पर फारबिसगंज थाना पुलिस जांच में जुट गई है।



पीड़ित 62 वर्षीय जयकुमार अग्रवाल ने बताया कि वे लायंस क्लब के विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम में शामिल होने अपने घर से बाइक पर निकले थे। रास्ते में एक बाइक सवार व्यक्ति ने उन्हें रोककर कहा कि "समय खराब है, आप सोना पहनकर न निकलें।" उसने रुमाल से उनका सोने का कड़ा और चेन उतरवाकर रखवा दिया। इसी दौरान दूसरी बाइक पर सवार तीन अन्य लोग भी पहुंचे और बातचीत में उलझाकर गले की चेन भी निकलवा ली। कुछ देर बाद जब वे मार्केटिंग यार्ड स्थित अपनी दुकान पहुंचे तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। जांच करने पर रुमाल में दो साधारण कड़े और गिट्टी का टुकड़ा मिला। पीड़ित ने तत्काल अपने पुत्र के साथ थाने में सूचना दी। फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी आवेदन नहीं मिला है, पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच जारी है।

## सीताधार में जलस्तर बढ़ा,जलकुंभी ने बहते पानी का प्रवाह रोका

**अररिया** (हि.स.)। फारबिसगंज में सीताधार में जल का स्तर गुरुवार सुबह से ही बढ़ना शुरू हो गया।जलस्तर बढ़ने और सीताधार को पूरी तरह से जलकुंभी के आगोश में ले लेने के कारण निचले इलाकों के घरों में पानी प्रवेश करने लगा,जिससे गुस्साए लोगों ने काली मेला रोड में सीताधार पुल पर बांस लगाकर आवागमन को पूरी तरह ठप कर दिया।सड़क जाम कर लोगों ने नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया



और नारेबाजी की,जिसके बाद नगर परिषद प्रशासन नींद से जागी और मजदूरों को लगाकर पानी बहने वाले रास्ते में पुल के पास जल प्रवाह को रोके जलकुंभी को हटाया गया।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रणधीर लाल,मुख्य पार्षद वीणा देवी,प्रधान सहायक कामख्या नारायण सिंह उर्फ कुंदन सिंह और अन्य कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।मजदूरों को मौके पर बुलाया गया और मजदूरों से सीताधार के जल प्रवाह में बाधक बने जलकुंभी की सफाई की गई और पानी से जल कुंभी को निकाला गया।जिसके बाद जल का प्रवाह आगे सुचारू रूप से हो सका।उल्लेखनीय हो कि पिछले दिनों नेपाल के तराई इलाकों और जिले में मूसलाधार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया था,जो अब धीरे धीरे सामान्य हो रहा है।इसी कड़ी में सीताधार में भी पानी काफी बढ़ गया,लेकिन जलकुंभी के कारण सुचारू ढंग से जल का प्रवाह नहीं हो पा रहा था।

# सुपौल में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की थानाध्यक्षों के साथ बैठक, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव की तैयारी तेज





**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद थानाध्यक्षों द्वारा किए जाने वाले आवश्यक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**निर्देश और समन्वय पर जोर** बैठक में सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे एसएसटी, एफएसटी और क्यूआरटी टीमों के साथ समन्वय स्थापित करें और अवैध शराब, नकदी और हथियारों पर पूरी तरह नियंत्रण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र और मतदान केंद्र का स्थल भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की स्थिति का मूल्यांकन करें।

**निर्वाचन में निष्पक्षता और सतर्कता** : जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और थानाध्यक्षों से निर्वाचन कार्यों में निष्पक्षता, तत्परता और समन्वय बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षित, भयमुक्त और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य है।

### लंबित मामलों और वाहन जांच अभियान

जिलाधिकारी ने लंबित एनबीडब्ल्यू (Non-Bailable Warrants) को शीघ्र निष्पादित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, जिले के विभिन्न स्थानों पर नियमित वाहन जांच अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि चुनावी सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## तैयारी : आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन एवं सीएपीएफ व एसएसबी के पदाधिकारियों के बीच समन्वय बैठक

**न्यूज स्केल सुपौल**



आसन्न विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत जिला प्रशासन एवं सीएपीएफ और एसएसबी अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आर. एस., उप विकास आयुक्त सारा अशरफ़, अपर समाहर्ता सच्चिदानंद सुमन तथा एस.एस.बी. 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह अपने समस्त टीम कमांडरों के साथ उपस्थित रहे।

बैठक में निर्वाचन कार्यो के सुचारू संचालन हेतु सुरक्षा व्यवस्था, बलों की तैनाती, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, समन्वय एवं संचार प्रणाली तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति एवं निष्पक्षता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी सावन कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा जिला प्रशासन और केंद्रीय बलों के बीच सतत समन्वय बनाए रखा जाए ताकि चुनाव प्रक्रिया निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।



# जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन ,ट्रेनिग में कर्त्तव्य के बारे में दी गयी जानकारी

**न्यूज स्केल सुपौल**

**सभी मतदान केन्द्रों पर 100% Web Casting और VTR App के माध्यम से नियमित रिपोर्टिंग अनिवार्य।**

**द्वितीय मतदान पदाधिकारी मतदाता रजिस्टर (17A) और अमिट स्याही के प्रभारी होंगे।**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री सावन कुमार के निर्देश पर जिला स्तरीय प्रथम प्रशिक्षण का दूसरा दिन 09 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया, जिसमें पीठासीन एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के सभी तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं से पदाधिकारियों को परिचित कराना था।

**EVM संचालन एवं Mock Poll प्रशिक्षण** : पीठासीन पदाधिकारियों को ईवीएम (EVM) संचालन, Mock Poll करने और विभिन्न प्रकार के प्रपत्र भरने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें उनके कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही यह बताया गया कि इस चुनाव में सभी मतदान केन्द्रों पर 100% Web Casting की व्यवस्था होगी। पीठासीन पदाधिकारियों को (17C) प्रपत्र भरकर EVM के साथ जमा करने और उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं से प्राप्तियाँ लेने की जानकारी दी गई।

**द्वितीय मतदान पदाधिकारियों के दायित्व** : द्वितीय मतदान पदाधिकारी मतदाताओं के रजिस्टर (17A) और अमिट स्याही के प्रभारी होंगे। वे निर्वाचक के बाएँ हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही लगायेंगे और मतदाता रजिस्टर में क्रम संख्या, पहचान दस्तावेज़ के अंतिम चार अंक, हस्ताक्षर/अंगूठे के निशान एवं मत न देने या परीक्षण मत देने वाले मतदाताओं की टिप्पणियाँ दर्ज करेंगे। इसके अतिरिक्त वे मतदाता पर्ची भी जारी करेंगे।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य** यह प्रशिक्षण निर्वाचन कार्य की गुणवत्ता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूरी तरह तैयार होंगे और चुनाव में त्रुटिहीन एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करेंगे।

**VTR App के माध्यम से रिपोर्टिंग** : प्रशिक्षण के दौरान सभी पीठासीन पदाधिकारियों को VTR App मोबाइल में डाउनलोड करके प्रत्येक दो घंटे पर रिपोर्ट दर्ज करना अनिवार्य बताया गया। इस प्रणाली के माध्यम से मतदान प्रक्रिया का वास्तविक समय में निगरानी सुनिश्चित होगी और चुनावी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी।

## शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर मरौना में बीडीओ रचना भारतीय ने सीएपीएफ व पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**न्यूज स्केल मरौना**



आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मरौना प्रखंड की बीडीओ रचना भारतीय के नेतृत्व में गुरुवार को मरौना थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

CAPF जवानों एवं मरौना थाना पुलिस की संयुक्त टीम के साथ यह फ्लैग मार्च भलुआही, जनार्दनपुर एवं खंगरपुरा गांवों में किया गया। मार्च के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

इस अवसर पर बीडीओ रचना भारतीय ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, इसे भयमुक्त माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी तरह की अफवाहों या अनुचित गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मतदाताओं को निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

फ्लैग मार्च के दौरान सुरक्षा बलों की सघन मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का भरोसा नजर आया। इस दौरान स्थानीय लोग प्रशासनिक सक्रियता की सराहना करते देखे गए।

# एसएसबी ने 13. 5 लीटर नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**न्यूज स्केल वीरपुर**



45 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बीरपुर की सीमा चौकी भीमनगर ने नाका ड्यूटी के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 206/4 के समीप कुल 13.5 लीटर नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया है।

जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान शराब तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु एसएसबी द्वारा निरन्तर प्रयास जारी है इसी क्रम में सूचना मिली थी कि सीमा चौकी भीमनगर के जिम्मेवारी क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 206/4 के समीप से मादक पदार्थ की तस्करी होने की संभावना है ।

अविलंब एक नाका पार्टी का गठन किया गया।नाका पार्टी सूचना आधारित जगह पर छुप कर बैठ गई और कुछ समय बाद करीब रात 2000 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति सीमा स्तंभ 206/4 के समीप छुपाव दार रास्ते से कुछ सामान लेकर नेपाल से भारत प्रभाग की तरफ आता दिखाई देता है , जैसे ही व्यक्ति नाका पार्टी के पास पहुंचा तभी पार्टी ने स्पूर्ति के साथ उसे पकड़ लिया पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम निक्कू कुमार साह, भीमनगर, जिला - सुपौल के निवासी बताया । मौके पर सामान की तलाशी लेने पर पता चला की थैली में 13.5 लीटर नेपाली शराब है। तत्पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने के बाद ज़ब्त शराब एवं व्यक्ति को पुलिस स्टेशन भीमनगर को सुपुर्द कर दिया गया।

उक्त कार्यवाही के दौरान एसएसबी के मुख्य आरक्षी सामान्य मुनेंद्रू एम एवं अन्य जवान उपस्थित रहें।

# निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहनों के सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**न्यूज स्केल सुपौल**



सुपौल जिले में आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल संचालन के लिए जिला परिवहन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी प्रखंडों से प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नामित कार्यपालक सहायक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहनों के सुचारू परिचालन, फ्यूल आपूर्ति, वाहन पहचान और टैगिंग से संबंधित जिम्मेदारियों के बारे में प्रतिभागियों को व्यापक जानकारी प्रदान करना था।

**वाहन प्रबंधन प्रणाली (VMS) का परिचय** : प्रशिक्षण के दौरान प्रोग्रामर वाहन कोषांग ने प्रतिभागियों को वाहन प्रबंधन प्रणाली (VMS) से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। इसके माध्यम से निर्वाचन अवधि में वाहनों की उपलब्धता, आवागमन और नियंत्रण की निगरानी को आसान बनाया जा सकेगा। प्रतिभागियों को बताया गया कि प्रणाली के सही उपयोग से किसी भी प्रकार की कठिनाई या विलंब से बचा जा सकता है।

### जिम्मेदारी और अपेक्षाएँ

जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी कार्यपालक सहायकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे प्रखंड स्तर पर वाहन आवंटन, चालक विवरण, फ्यूल कूपन निर्गमन और निगरानी से जुड़े कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक सुनिश्चित करेंगे। उनका लक्ष्य था कि निर्वाचन कार्य के दौरान वाहन संचालन की पूरी प्रक्रिया तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारू रूप से संपन्न हो, ताकि जिले में चुनावी कार्य निष्पक्ष और प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके।

## चुनाव में धन बल के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने को लेकर व्यय अनुश्रवण कोषांग की बैठक

**न्यूज स्केल सुपौल**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव 2025 के सफल, स्वच्छ, एवं शांतिपूर्ण संचालन को देखते हुए राजनीतिक पार्टी/अभ्यर्थियों द्वारा धन-बल के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने तथा निर्वाचन अभियान के दौरान उनके द्वारा किये जा रहे व्यय का अनुश्रवण करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश Compendiun of Instruction on Election Expenditure Monitering के भाग "B" के कंडिका 01 से 09 तक में वर्णित अनुदेशों के आलोक में जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग (District Expenditure Monitering Cell) का गठन किया जाता है। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार राज्य कर संयुक्त आयुक्त (मोबाईल नं0-8544401277) हैं। सरल एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों का गठन किया गया जो निम्नवत् हैः-

(1) Assistant Expenditure Observer-05

(2) Accounting-05

(3) FST-15

(4) SST-48

(5) VST-12

(6) VVT-05

(7) Cell Center-01

(i) कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

(ii) FST एवं SST को Esms Portal पर Onboard किया जा चुका है।

## विधानसभा चुनाव में डाक मतपत्र को लेकर दी गयी जानकारी

**न्यूज स्केल सुपौल**

आसन्न बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त अनुपस्थित मतदाता यथा अनुपस्थित मतदाता वरिष्ठ नागरिक (85 वर्ष से अधिक) AVSC एवं निर्वाचन नामावली में दिव्यांगजन मतदाताओं के रूप में चिन्हित मतदाता AVPD को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु सुपौल जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी को अनुपस्थित मतदाता (AVSC and AVPD) हेतु प्रपत्र 12-D उपलब्ध करा दी गई है तथा BLO के माध्यम से अनुपस्थित मतदाता (AVSC and AVPD) को उपलब्ध कराई जा रही है। मतदान कर्मी तथा माईकों ऑब्जर्बर का प्रथम प्रशिक्षण 8.10.2025 से 16.10.2025 तक सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुपैल तथा बबुजन विष्वेष्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुपौल में दिया जा रहा है। प्रषिक्षण अवधि में उपस्थित मतदान कर्मी तथा माईकों ऑब्जर्बर को प्रपत्र 12 उपलब्ध कराकर वांछित सूचना प्राप्त की जाती है। 9.10. 2025 तक वांछित सूचना के साथ लगभग 4000 प्रपत्र 12 प्राप्त हुई है जिनका डाटावेस तैयार किया जा रहा है।

## पिपरा में SVEEP कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता बैठक आयोजित

**न्यूज स्केल पिपरा**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र पिपरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आज SVEEP (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाताओं में चुनावी जागरूकता बढ़ाना और मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक सुनिश्चित करना था। बैठक में प्रखंड के अधिकारियों, आईसीडीएस, आवासकर्मी, स्वच्छता कर्मियों तथा अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिनमें मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना, विशेष तौर पर उन बूथों पर फोकस करना जहां पिछले चुनावों में मतदान कम रहा, और सामाजिक माध्यमों व स्थानीय मंचों के माध्यम से जानकारी का प्रचार शामिल था।



अधिकारियों ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी चुनाव तक मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाएँ और सुनिश्चित करें कि हर योग्य मतदाता मतदान में भाग ले। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक गतिविधि का रिकार्ड रखा जाएगा और नियमित फीडबैक के आधार पर रणनीतियों में आवश्यक सुधार किए जाएंगे। इस पहल से पिपरा प्रखंड में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और अधिक सक्रिय मतदान सुनिश्चित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर सिंगल विंडो सिस्टम से होगी सभी अनुमतियों की पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया : जिलाधिकारी

## सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी या चुनावी प्रोपेगेंडा फैलाने पर प्रतिबंध रहेगा

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने मोतीहारी में जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों और कोषांग नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, आदर्श आचार संहिता, संपत्ति विरूपण अधिनियम 2010, नॉमिनेशन प्रक्रिया, सी-विजिल ऐप, डायल 1950 और चुनावी व्यय मॉनिटरिंग प्रणाली की जानकारी साझा की।



**नियम और प्रतिबंध**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन के लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति अनिवार्य है। लाउडस्पीकर का उपयोग रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक वर्जित है। धार्मिक स्थल का राजनीतिक प्रचार, सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने या हिंसक प्रदर्शन पर सख्त कार्रवाई होगी।

**सिंगल विंडो सिस्टम से सुविधा** : निर्वाचन कार्यों में सुगमता और पारदर्शिता लाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है। इसके तहत अनुमतियां "फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व" के आधार पर दी जाएंगी। आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन, समयबद्ध और पारदर्शी होंगे।

**चुनावी व्यय पर निगरानी**
जिले में चुनावी व्यय की निगरानी हेतु निर्वाचन व्यय कोषांग गठित किया गया है। प्रत्येक प्रत्याशी को नया बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। विधानसभा प्रत्याशियों के लिए अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रुपये है। वरिष्ठ भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी व्यय प्रेक्षक के रूप में सतत निगरानी करेंगे।

**नागरिक सहभागिता और शिकायत प्रणाली** : आम नागरिक सी-विजिल मोबाइल एप के माध्यम से आचार संहिता उल्लंघन की सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा, डायल 1950 हेल्पलाइन भी सक्रिय है। जिलाधिकारी ने सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि "स्वच्छ, पारदर्शी और भयमुक्त मतदान ही लोकतंत्र की सच्ची पहचान है।"

**01:** ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) का रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक उपयोग वर्जित है।

**02 :** प्रत्येक प्रत्याशी के लिए चुनावी व्यय का संधारण नया बैंक खाता अनिवार्य है।

**03 :** धार्मिक स्थल का राजनीतिक प्रचार करना और सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काना पूरी तरह निषिद्ध है।

**04 :** किसी भी राजनीतिक सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन के लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति अनिवार्य है।

**05 :** जिले में सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी अनुमतियां "फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व" के आधार पर दी जाएंगी।

## हथियार लहराने पर दो युवक पहुंचे बेतिया जेल

**बेतिया,** (हि.स.)। पश्चिम चंपारण ज़िला के लौरिया थाना क्षेत्र में अवैध हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान मठिया गांव के दुर्गेश यादव एवं मिथलेश यादव के रूप में हुई है।

सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर दोनों युवकों का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें वे खुलेआम हथियार दिखाते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो के वायरल होते ही लौरिया पुलिस



सक्रिय हुई और तकनीकी जांच के बाद दोनों की पहचान की गई।

थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने गुरुवार को बताया कि जांच में वीडियो में दिख रहे युवकों की संलिप्तता की पुष्टि हुई है। इस आधार पर दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह की आपराधिक या उकसाने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## नदी के कटाव और बबूल के कांटे से दुर्घटना की आशंका, प्रशासन मौन

**दरभंगा** , (हि.स.)।
बिहार में दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड के बैका पंचायत अंतर्गत दादपट्टी मदरिया गांव के बोनू चौक से तारडीह जाने वाली सड़क पर लोगों की जान खतरे में है। एक ओर जहां बबूल के पेड़ों की डालियां इतनी नीचे और बाहर तक फैल गई हैं कि टर्निंग पर सामने से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता, वहीं दूसरी ओर नदी की लहरों से सड़क का किनारा कटने लगा है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, कई जगहों पर पक्की सड़क टूटकर आधी रह गई है, जिससे वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन कई वाहन, मोटरसाइकिल और स्कूल वैन गुजरते हैं, जो सीधे तारडीह प्रखंड मुख्यालय तक जाते हैं। ग्रामीणों को डर है कि अगर स्थिति ऐसी ही रही तो कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है। लोगों ने कई बार पथ निर्माण विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि बबूल के पेड़ों की छंटाई तुरंत की जाए और नदी किनारे सुरक्षा दीवार या मरम्मत कार्य शीघ्र कराया जाए, ताकि जनजीवन सुरक्षित रह सके।

## नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नालंदा,** (हि.स.)बिहार विधान सभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को हरनौत प्रखंड के तेलमर थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने किया।फ्लैग मार्च तेलमर, बनगच्छा ,मोहनखंदा काजीचक एवं नया खंदा गांवों में किया गया। इस दौरान थाने के पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने आम लोगों से शांति



पूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में सहयोग की अपील कीगई। थानाध्यक्ष ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति , कानून-व्यवस्था बनाए रखना और मतदाताओं मेंविश्वास जगाना है, ताकि वे बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिसअधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की अराजकता या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में लगातार गश्ती और सघन निगरानी की जा रही है।

## कोर्ट में मामला लंबित होने पर भी किया जा रहा दाखिल-खारिज



**नालंदा,** (हि.स.)। जिले के गिरियक प्रखंड के चोरसुआ गांव निवासी भारतेंदु कुशवाहा की पत्नी प्रतिभा रानी और विजय महतो के पुत्र रंजन राज ने डीएम कार्यालय में गुरुवार को आवेदन जमाकर सीओ पर गलत तरीके से दखिल खारिज करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

आवेदन में बताया गया है कि स्व. भगवान दास की पत्नी, पतिया देवी से जमीन खरीदने के लिए एग्रीमेंट बनाया गया था। जिसमें उनके पुत्र ने हस्ताक्षर किया था। एग्रीमेंट के बावजूद उन्होंने जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया है। धोखाधड़ी का वाद कोर्ट में दर्ज कराया गया है। मामला विचाराधीन होने के बाद भी सीओ ने दाखिल खारिज कर दिया है। इस बाबत सीओ सन्नी कुमार ने बताया कि वाद की जानकारी उन्हें नहीं दी गई थी। मामले को जांच कर अस्पष्ट कारवाई की जायेगी

## मतदान का महात्यौहार : पश्चिम चम्पारण है तैयार



**न्यूज स्केल बेतिया, पश्चिम चम्पारण**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिले में मतदानकर्मियों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण का दूसरा दिन आज विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर संपन्न हुआ।

जिला प्रशिक्षण कोषांग के वरिष्ठ पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता (विभागीय जाँच) कुमार रवीन्द्र ने बताया कि आज प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे 125 कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि अनुपस्थित कर्मचारियों के स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए गए तो उन पर निर्वाचन नियमावली की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 3230 मतदानकर्मियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मतदान संबंधी कार्यों के कुशल निष्पादन हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण केंद्रों का विवरण इस प्रकार है:

--------------

**विपिन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेतिया** : PO एवं P1 के कुल 1022 महिला मतदानकर्मी

--------------

**संत जोसफ उच्च विद्यालय, बेतिया** : P2 एवं P3 के कुल 1035 महिला मतदानकर्मी

--------------

**रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, बेतिया** : P1 के कुल 1073 मतदानकर्मी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के सभी अद्यतन निर्देश और चुनाव संचालन ऐप की गहन जानकारी कर्मियों को प्रदान की जाए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदान संचालन में किसी स्तर पर कोई त्रुटि न हो और सभी मतदाता आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## नालंदा जिले के अतवलचक विद्यालय में तीन दिनों से मिड-डे मील बंद

**नालंदा,** (हि.स.)।नालंदा जिले के थरथरी प्रखंड क्षेत्र के अतवलचक स्थित प्राथमिक विद्यालय में पिछले तीन दिनों से मि ड-डे मील (एमडी एम) योजना ठप पड़ी है। इसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को भूखे पेट ही पढ़ाई करनी पड़ रहीहै।

इस संबंध में थरथरी के जिला परिषद सदस्य तरुण यादव ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। विद्यालय में एमडी एम बंद रहने से अभिभावकों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को रोजाना भोजन नहीं मिलने से पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। विद्यालय की सचिव उषा देवी ने बताया कि प्रधानाध्यापिका रिंकू कुमारी विद्यालय में हस्ताक्षर करने के लिए नहीं बुलातीं , बल्कि अन्यत्र बुलाकर हस्ताक्षर करवाती हैं।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापिका ने उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए हैं। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि विद्यालय सचिव द्वारा बैंक एडवाइस पर हस्ताक्षर न करने के कारण जून, जुला ई औरअगस्त माह के एडवाइस लैप्स हो गए हैं।इसकी जानकारी विभाग को दे दी गई है। लगातार तीनदिनों से एमडी एम बंद रहने से बच्चों औरअभिभावकों के बीच परेशानी बढ़ती जा रही है। इसके लिए विभाग के द्वारा अग्रतर कारवाई की जा रही है जल्द ही मध्यान्ह भोजन शुरू कर दिया जाएगा।

## 81 बोतल एवं 53 टेट्रा पैक में बंद शराब जब्त,एक तस्कर गिरफ्तार, भेज जेल

**नवादा,** (हि.स.)। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर गुरुवार को उत्पाद बलों ने लग्जरी कार में बने गुप्त तहखाने से 81 बोतल एवं 53 टेट्रा पैक शराब बरामद किया है।साथ ही लग्जरी कार को जब्त करते हुए एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।

उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध एवं आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जांच चौकी पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से सघन जांच किया जा रहा है।जांच के क्रम में झारखंड की ओर से



आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है।जांच चौकी के रास्ते एक कार से शराब की खेप को बिहार पहुंचाने को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार के साथ अन्य उत्पाद बलों के सहयोग से हुंडई सेंट्रो कार को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में कार के डैश बोर्ड में बने तहखाने से इंपीरियल ब्लू नामक 750 एमएल वाले 72 बोतल एवं 375 एमएल वाले 9 बोतल के अलावे 180 एमएल वाले ऑफिसर चॉइस के 53 टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया।जब्त शराब की कुल मात्रा 66.915 लीटर है।साथ ही एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है,जिसकी पहचान नरहट थाना क्षेत्र के बभनौर गांव निवासी शंभू मिस्त्री के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब व कार के अलावे गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार युवक को गुरुवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है।उत्पाद विभाग ने इसे बड़ी सफलता बताया है और कहा है कि इस तरह की छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

## जबरन अपहरण के आरोपित के बेल को कोर्ट ने किया अस्वीकृत, कहा- आरोप गंभीर

**दरभंगा,** (हि.स.)। अलीनगर थाना क्षेत्र के एक गंभीर मामले में अदालत ने मुख्य अभियुक्त हिजबूल रहमान उर्फ आरजू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अभियुक्त पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने का आरोप लगा है।

दरभंगा व्यवहार न्यायालय की विशेष पॉक्सो अदालत ने गुरुवार को याचिका संख्या 96/2025 पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। अभियुक्त पक्ष की ओर से पेश वकील की सभी दलीलों को अदालत ने गंभीरता से सुना, और केस कि सुचिका की ओर से बरिष्ठ अधिवक्ता श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी, प्रिंस कुमार मिश्र बेल याचिका का जोरदार विरोध किया मामले




की गंभीरता और अभियुक्त का आपराधिक इतिहास का बिस्तार से कोर्ट के सामने सभी बिन्दुओ क़ो रखा, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की गंभीरता और अभियुक्त का आपराधिक इतिहास देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया।

**आरोप गंभीर, जांच जारी**

अलीनगर थाना में दर्ज मामला संख्या 160/25 के तहत अभियुक्त पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की का अपराह्न (दोपहर बाद) के समय जबरदस्ती अपहरण कर लिया। यह आरोप पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) के तहत गंभीर श्रेणी में आता है। फिलहाल, इस मामले की अंडरवर्ल्डिंग (जांच) पुलिस द्वारा जारी है। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में रखा गया है.

**अभियुक्त की मुश्किलें हुईं बढ़ी**

अदालत के इस फैसले ने अभियुक्त हिजबूल रहमान की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। जमानत न मिलने का मतलब है कि उसे तब तक जेल में ही रहना होगा, जब तक कि अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती या कोई अन्य राहत नहीं मिलती। इस फैसले को पीड़ित पक्ष की एक बड़ी कानूनी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। मामले की अगली सुनवाई की तारीख की अभी प्रतीक्षा है, जबकि पुलिस मामले में और सबूत जुटाने में जुटी हुई है।

**पहले से दर्ज हैं कई मामले**

अदालत ने अपने फैसले में एक प्रमुख बिंदु यह उठाया कि अभियुक्त हिजबूल रहमान पहले से ही कई अन्य आपराधिक मामलों में शामिल चल रहा है। उसके खिलाफ पहले से दर्ज मामलों और अब लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए अदालत ने माना कि उसे जमानत देना उचित नहीं होगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया समकालीन प्रौद्योगिकी में रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत



**नई दिल्ली,** (हि.स.)।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान उनके समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई, जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा, समुद्री सहयोग और रक्षा साझेदारी के विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में दोनों मंत्रियों ने ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग में प्रगति का स्वागत किया और समकालीन तकनीक में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि यह भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों की पहली औपचारिक वार्ता थी। दोनों पक्षों ने 2020 में रणनीतिक साझेदारी के उन्नयन के बाद हुई चार बैठकों में सहयोग बढ़ाने की महत्वाकांक्षा साझा की। समुद्री सुरक्षा और परामर्श को मजबूत करने के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया ने भारत को ऑपरेशन 'रेंडर सेफ' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। पनडुब्बी बचाव, हवा से हवा में ईंधन भरने और संयुक्त अभ्यास जैसे क्षेत्रों में प्रगति का भी स्वागत किया गया। भारत-ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त बयान में बताया गया कि दोनों देशों ने सभी क्षेत्रों में रक्षा साझेदारी बढ़ाने और संयुक्त स्टाफ वार्ता स्थापित करने का स्वागत किया। भारत ने ऑस्ट्रेलियाई अभ्यास टैलिसमैन सेबर 2025 और भविष्य में 2027 में भागीदारी की उम्मीद जताई। इसके अलावा, भारतीय वायु सेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के अभ्यास, पनडुब्बी बचाव अभ्यास ब्लैक कैरिलन और रक्षा शिक्षा में सहयोग को बढ़ावा देने का स्वागत किया गया। रक्षा औद्योगिक सहयोग, अनुसंधान और सामग्रियों के क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह के माध्यम से सहयोग बढ़ाने पर दोनों पक्ष सहमत हुए। ऑस्ट्रेलिया ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय शिपयार्ड में नौसैनिक जहाजों के रखरखाव की पेशकश के लिए भारत को धन्यवाद दिया। साथ ही, दोनों देशों ने क्षेत्रीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाकर एक स्वतंत्र, खुले और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखने पर जोर दिया मंत्रियों ने विषय-वस्तु विशेषज्ञों के आदान-प्रदान, एकीकृत वायु एवं मिसाइल रक्षा, सुरक्षित संचार, यूएएस और विशेष अभियानों जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के महत्व को रेखांकित किया। इस बैठक ने भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को नई ऊँचाई पर पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित किया।

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, शुरुआती गिरावट के बाद उछले सेंसेक्स और निफ्टी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार आज विदेशी निवेशकों की खरीदारी और मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते मजबूती के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 398.44 अंक बढ़कर 82,172.10 अंक और निफ्टी 135.65 अंक उछलकर 25,181.80 अंक पर बंद हुआ। आज मेटल, फार्मस्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, रियल्टी, पीएसयू बैंक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी रही। ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्युरेबल्स सेक्टर के शेयरों ने भी मजबूती दिखाई। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.75 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.18 प्रतिशत बढ़ा। निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.44 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ, जिससे बीएसई कंपनियों का मार्केट कैप 460.38 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। आज के टॉप गेनर्स में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और सन फार्मास्यूटिकल्स शामिल रहे। टॉप लूजर्स में एक्सिस बैंक, टाइटन, टाटा कंज्यूमर, मारुति सुजुकी और आयशर मोटर्स रहे

# स्पेक्ट्रम की कीमतें तय होने के बाद देश में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू होंगी : सिंधिया




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं तब ही शुरू होंगी जब ट्राई स्पेक्ट्रम की कीमतें अंतिम रूप देगा। उन्होंने बताया कि कंपनियों को अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देने के बाद ही सेवा शुरू करने की अनुमति मिलेगी। सिंधिया ने कहा कि दो कंपनियों को लाइसेंस दिए जा चुके हैं और एक कंपनी को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वोडाफोन आइडिया में सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाने का कोई योजना नहीं है। आईएमसी 2025 के दौरान मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार और यूनिकॉर्न कंपनियां मिलकर भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे मजबूत कर रही हैं, जिससे देश के 1.8 लाख स्टार्टअप्स को सशक्त बनाया जा रहा है। सरकार ने यूटेलसैट वनवेब और जियो-एसईएस को लाइसेंस दे दिए हैं, जबकि स्टारलिंक को आशय पत्र जारी किया गया है। अब सैटेलाइट ब्रॉडबैंड की शुरूआत स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण के फैसले पर निर्भर है।

# मेथी का पानी : शुगर और बैड कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मददगार



डायबिटीज और हृदय संबंधी बीमारियां आज के समय में तेजी से बढ़ रही हैं।हर 10 में से 6 लोग लाइफस्टाइल डिजीज से प्रभावित हैं। इसे नियंत्रित करने के लिए जीवनशैली सुधारना जरूरी है। खासकर मधुमेह के मरीजों को अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना होता है। दवाइयों के साथ-साथ कुछ घरेलू नुस्खे भी फायदेमंद साबित हो सकते हैं, जिनमें से एक है मेथी का पानी।

**मेथी के बीज क्यों फायदेमंद हैं?** मेथी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। ये ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने, सूजन कम करने, पाचन सुधारने और त्वचा व बालों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। मेथी के बीजों में मौजूद फाइबर रक्त शर्करा के अवशोषण को धीमा करता है, जबकि फाइटोएस्ट्रोजेन हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं।

**बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने में मददगार** : मेथी के बीज बैड कोलेस्ट्रॉल (LDL) और ट्राइग्लिसराइड्स को कम करने में सहायक होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को घटाता है और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

**सेवन का सही तरीका** : रात में 1 चम्मच मेथी के बीज को 1 कप पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को पीएं और भीगेहुए बीज चबाकर खाएं। अगर बीज खाना कठिन हो तो मेथी पाउडर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**डायबिटीज में मेथी का महत्व** : मेथी का सेवन शुगर कंट्रोल में मदद करता है। इसके बीज पेट में शुगर के अवशोषण को धीमा करते हैं। इनमें मौजूद फाइबर और अन्य रसायन शरीर द्वारा कार्बोहाइड्रेट और शुगर के अवशोषण को नियंत्रित करते हैं। नियमित सेवन से इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ती है और ब्लड शुगर का स्तर संतुलित रहता है।

# लिवर कैंसर के शुरुआती लक्षण और बचाव के उपाय



।लिवर कैंसर यकृत की कोशिकाओं में असामान्य वृद्धि के कारण होता है और शुरुआती लक्षण अक्सर हल्के होते हैं। डॉ. मनदीप सिंह के अनुसार, पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में दर्द या भारीपन, अचानक वजन घटना, भूख कम होना और लगातार थकान इसके प्रमुख संकेत हैं। कुछ मामलों में पीलिया दिखाई देता है, जिससे त्वचा और आंखें पीली हो जाती हैं। जो लोग लंबे समय तक शराब पीते हैं, हेपेटाइटिस बी या सी से संक्रमित हैं, लिवर सिरोसिस, मोटापा या डायबिटीज से ग्रस्त हैं, या जिनके परिवार में लिवर कैंसर रहा हो, उन्हें ज्यादा खतरा होता है। इसके अलावा अफ्लाटॉक्सिन जैसी जहरीली चीजों के संपर्क में आने वाले लोग भी जोखिम में रहते हैं। बचाव के लिए हेपेटाइटिस बी का टीका लगवाएं, शराब सीमित करें, वजन नियंत्रित रखें और संतुलित आहार लें। जोखिम वाले लोगों को साल में एक-दो बार लिवर फंक्शन टेस्ट और अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए। समय पर सावधानी और जांच से लिवर कैंसर की शुरुआती पहचान और रोकथाम संभव है।

# राशिफल : 10 अक्टूबर, 2025


मेष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9


वृष : मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-3-4-6


मिथुन : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9


कर्क : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9


सिंह : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7


कन्या : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8


तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8


वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि ब$ढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9


धनु : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9


मकर : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9


कुम्भ : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7


मीन : व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढऩे में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

# पंचांग : 10 अक्टूबर, 2025

10 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र वृष में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 06.30 बजे से
वृश्चिक 08.45 बजे से
नु 11.01 बजे से
मकर 13.06 बजे से
कुंभ 14.53 बजे से
मीन 16.26 बजे से
मेष 17.56 बजे से
वृष 19.36 बजे से
मिथुन 21.34 बजे से
कर्क 23.48 बजे से
सिंह 02.04 बजे से
कन्या 04.16 बजे से

शुक्रवार 2025 वर्ष का 283वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि चतुर्थी 19.39 बजे को समाप्त।
नक्षत्र कृत्तिका 17.32 बजे को समाप्त।
योग सिद्धि(असृक) 17.42 बजे को समाप्त। करण बव 09.15 बजे तदनन्तर बालव 19.39 बजे को समाप्त। चन्द्रायु 18.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 060 39'
सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1872493
जूलियन दिन 2460958.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447
महीना रबी उस्सानी तारीख 17

विशेष करवा चौथ, संकष्टी चतुर्थी, मासिक कार्तिगाई।

# अयोध्या में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिवार संग उतारी प्रभु श्रीरामलला की आरती

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण** बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर परिवार संग उत्तर प्रदेश में श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंची हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया गया। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने केंद्रीय वित्त मंत्री को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। निर्मला सीतारमण ने मंदिर के भव्य स्वरूप को देखकर आस्था और गर्व की भावना व्यक्त की। इस दौरान मंदिर परिसर की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और विकास योजनाओं पर भी चर्चा हुई।



**अयोध्या,** (हि.स.)। भारत की सांस्कृतिक राजधानी कही जाने वाली प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने परिवार संग प्रभु रामलला के दर्शन कर आरती उतारी। केंद्रीय मंत्री ने श्रीराम दरबार परिसर में स्थित मां दुर्गा के दर्शन और कुबेर टीला पर देवाधिदेव महादेव का पूजन और जलाभिषेक किया।

**आध्यात्मिक तेज में डूबीं वित्त मंत्री** : आरती के दौरान श्रीरामलला का दरबार भक्ति रस से सराबोर हो उठा। सरयू तट से आती मंद बयार और मंदिर प्रांगण में गूंजते भजनों ने वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। वित्त मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद आरती में शामिल श्रद्धालुओं के साथ "जय श्रीराम" का उद्घोष किया।

**अयोध्या का गौरव बना विश्व का आध्यात्मिक केंद्र** : अयोध्या अब केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और सभ्यता का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। यहां आने वाले हर श्रद्धालु को रामायणकालीन इतिहास और आधुनिक भव्यता का संगम देखने को मिलता है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री व अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे



# महू में भीषण हादसा, इंदौर-खलघाट हाइवे पर दो कारों में टक्कर के बाद लगी आग,चार की मौत

**महू,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू में बुधवार देर रात एक भयानक सड़क हादसा हुआ। इंदौर-खलघाट हाइवे पर नांदेड़ ब्रिज के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर के बाद एक कार में आग लग गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें से दो जिंदा जल गए। इसके अलावा तीन लोग झुलस गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।



**हादसे का कारण** : जानकारी के अनुसार ओमनी वेन धामनोद से मानपुर की ओर जा रही थी, जबकि स्विफ्ट डिजायर कार मानपुर से धामनोद की ओर आ रही थी। अचानक स्विफ्ट कार डिवाइडर पार कर सामने से आ रही ओमनी वैन से टकरा गई। टक्कर के बाद ओमनी वैन में आग लग गई। बताया गया कि मृतकों की कार में पीछे पेंट रखा था, जिससे आग तेजी से फैल गई और विकराल रूप ले लिया।

**पुलिस और ग्रामीणों की कार्रवाई** : हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में फंसे युवकों को बाहर निकालने में मदद की। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाई। देर रात तक ग्रामीण और पुलिस मृतकों को बाहर निकालने का प्रयास करते रहे। बड़गोंदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए महू ले जाए गए हैं।

**मृतकों और घायलों की जानकारी :**

जिंदा जलने वाले मृतकों में पलक, पुत्री अशोक सिंव्हल (34) निवासी मानपुर और कमलेश, पुत्र मोहन गुर्जर शामिल हैं। स्विफ्ट कार में सवार रविंद्र, पुत्र लक्ष्मण (धामनोद निवासी) और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की भी मौत हुई। झुलसे हुए घायलों में धामनोद निवासी गोलू (25), धरमपुरी निवासी चेतन (20) और बगवाना निवासी संजय (22) शामिल हैं। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।

# सभी ठोस कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग करने की योजना : गडकरी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार साल 2027 तक देश में उत्पन्न सभी ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में करने की योजना बना रही है। इस 'कचरे से धन' पहल के तहत अब तक 80 लाख टन कचरा सड़क परियोजनाओं में उपयोग किया जा चुका है। गडकरी ने कहा कि कचरे के ढेर अब संसाधन बन रहे हैं और इससे टिकाऊ बुनियादी ढांचे का निर्माण हो रहा है। उन्होंने वैकल्पिक ईंधनों जैसे




जैव ईंधन, इथेनॉल, हाइड्रोजन, मेथनॉल, बायोडीजल, एलएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग 2014 में 14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अब 22 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। देश अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। उन्होंने टू-व्हीलर निर्माताओं और कृषि व निर्माण उपकरण निर्माताओं को पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने पर जोर दिया और कहा कि वैकल्पिक ईंधन से 15 लाख करोड़ रुपये की विदेशी आयात बचत संभव है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी।

# बंगाल में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हमले के मामले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के नगरकाटा इलाके में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अकमरल हक और गोविंद शर्मा के रूप में हुई है। एक आरोपी को नगरकाटा और दूसरे को जयगांव से पकड़ा गया। दोनों पर सोमवार को हुए पथराव और हमले में शामिल होने का आरोप है।



**पुलिस जांच और गिरफ्तारी** जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर अहमद ने गुरुवार सुबह गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बाकी आरोपितों की तलाश जारी है। इस दौरान सांसद और विधायक बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों का जायजा ले रहे थे, तभी हमला हुआ। भाजपा ने इस हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है।

**मुख्यमंत्री का दौरा और अन्य घटनाएँ** : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सांसद मुर्मू से मिलने सिलीगुड़ी अस्पताल पहुंचीं और उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। इसी बीच भाजपा विधायक मनोज कुमार ओरांव पर भी उनके विधानसभा क्षेत्र में हमला हुआ। भाजपा ने इसे टीएमसी की "आतंकी राजनीति" बताया, जबकि टीएमसी ने सभी आरोपों से इनकार किया है।

**भाजपा और प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया** : भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने इसे राज्य की "भयावह कानून-व्यवस्था" बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बेहद दयनीय है और राज्य सरकार को हिंसा छोड़ राहत कार्यों पर ध्यान देना चाहिए।

# संदकफू में फिर लौटी रौनक, मौसम सुधरते ही पर्यटकों के लिए खोला गया ट्रेकिंग मार्ग

**दार्जिलिंग,** (हि. स.)। भूस्खलन के खतरे को देखते हुए बंद किया गया प्रसिद्ध संदकफू ट्रेकिंग मार्ग अब पर्यटकों के लिए फिर से खोल दिया गया है। प्रशासन ने गुरुवार को मौसम में सुधार होते ही इस निर्णय की घोषणा की, जिससे स्थानीय पर्यटन उद्योग में फिर से उत्साह लौट आया है।

प्रशासन ने रविवार को लगातार बारिश और संभावित भूस्खलन की आशंका के कारण संदकफू ट्रेकिंग रूट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद बड़ी संख्या में



ट्रेकर्स ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी थी और वैकल्पिक रूप से सिक्किम का रुख किया था। इससे दार्जिलिंग क्षेत्र के टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों और लैंड रोवर चालकों में गहरी नाराज़गी फैल गई थी।

सुकियापोखरी के बीडीओ आरोग्य गोवा ने बताया कि अब मौसम पूरी तरह साफ है, इसलिए पर्यटकों की सुविधा के लिए आज से संदकफू मार्ग को फिर से खोल दिया गया है।

सिंगालिला लैंड रोवर एसोसिएशन के अनुसार, ट्रेकिंग बंद होने के बाद केवल पांच अक्टूबर को 31 गाड़ियों में आए ट्रेकर्स ने बुकिंग रद्द कर लौट गए थे, जबकि सात अक्टूबर को 20 गाड़ियों की बुकिंग रद्द की गई। इससे स्थानीय ड्राइवरों और होमस्टे मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष चंदन प्रधान ने बताया कि लगातार बारिश से कुछ जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, इसलिए हमने खुद मरम्मत कार्य किया। अब मार्ग सुरक्षित और पूरी तरह खुला है। संदकफू, जिसे 'ट्रेकर्स का स्वर्ग' कहा जाता है, पश्चिम बंगाल के सबसे लोकप्रिय ट्रेकिंग स्थलों में से एक है। ट्रेकिंग मार्ग के फिर से खुलने से क्षेत्र के पर्यटन कारोबारियों को आगामी दिनों में अच्छे सीजन की उम्मीद है।

# गाजा पर प्रधानमंत्री मोदी का रुख चौंकाने वाला : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गाजा पर रुख को चौंकाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने हालिया घटनाक्रम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना की, जबकि इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की बिना शर्त प्रशंसा की। जयराम ने आरोप लगाया कि मोदी ने फिलीस्तीन की स्वतंत्रता और संप्रभुता पर चुप्पी साध रखी है, जिसे



भारत ने 1988 में मान्यता दी थी और जिसे आज 150 से अधिक देश मान्यता दे चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिमी तट में इजरायली बस्तियों के विस्तार पर कोई टिप्पणी नहीं की।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप की गाजा शांति योजना के पहले चरण का स्वागत किया और कहा कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। यह समझौता इजरायल और हमास के दो साल से चले संघर्ष के बाद हुआ।

# एगरा में काली पूजा से पहले पुलिस की बड़ी सफलता, भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद

**पूर्व मेदिनीपुर,** (हि.स.)। काली पूजा से पहले एगरा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार रात ओडिशा से लाई जा रही भारी मात्रा में अवैध पटाखों की खेप पुलिस ने जब्त की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एगरा-दो नंबर ब्लॉक के बैताई क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान एक इंजन वैन से लगभग चार लाख रुपये मूल्य के अवैध



पटाखे बरामद किए गए।

छापेमारी अभियान एगरा थाना प्रभारी अरुण कुमार खां के नेतृत्व में चलाया गया। उनके साथ थाना के अधिकारी बुद्धदेव मान्ना और समीरन दे सहित पुलिस बल के अन्य कर्मी मौजूद थे। पुलिस ने इंजन वैन को जब्त कर लिया और दो अवैध पटाखा कारोबारी को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों का घर एगरा-दो ब्लॉक के उत्तर ताजपुर इलाके में बताया गया है।



एगरा थाना प्रभारी अरुण कुमार खां ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों को गुरुवार को कांथी महकमा अदालत में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि खादिकुल विस्फोट कांड के बाद से ही एगरा थाना पुलिस अवैध पटाखों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और इसमें लगातार सफलता प्राप्त कर रही है।

# ऑस्ट्रेलिया पहुंचे रक्षामंत्री : रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स बेस पर शानदार स्वागत

**कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया),** (हि.स.)। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए हैं। उनका रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फ़ोर्स बेस पर जोरदार स्वागत किया गया। सिंह ने एक्स पर लिखा, " कैनबरा के रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स बेस में आगमन पर ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षामंत्री पीटर खलील ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मैं अपने मित्र, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ शीघ्र ही द्विपक्षीय बैठक की आशा करता हूं।

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, सिंह की यह यात्रा ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर हो रही है, जब भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। 2014 के बाद से किसी रक्षा मंत्री की यह पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा है। रक्षामंत्री की यात्रा का मुख्य आकर्षण उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ द्विपक्षीय चर्चा होगी। वह सिडनी में एक व्यापारिक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के उद्योग जगत के दिग्गज शामिल होंगे।

वह ऑस्ट्रेलिया के अन्य राष्ट्रीय नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। यह यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों और रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए नई और सार्थक पहलों की तलाश करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। इस यात्रा के दौरान, तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की योजना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि समय के साथ दोनों देशों के रक्षा संबंधों में विस्तार हुआ है और इसमें दोनों सेनाओं के बीच व्यापक संवाद, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, समुद्री क्षेत्र में सहयोग, जहाजों के दौरे




और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 2009 में रणनीतिक साझेदारी से बढ़ाकर 2020 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) कर दिया है। दोनों देशों के बीच गहरा रिश्ता है, जो साझा मूल्यों - बहुलवादी, वेस्टमिंस्टर-शैली के लोकतंत्र, राष्ट्रमंडल परंपराओं, बढ़ती आर्थिक सहभागिता और उच्च-स्तरीय संवादों में निहित है। लंबे समय से चले आ रहे लोगों के बीच संबंध, ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति के साथ ही साथ मजबूत पर्यटन एवं खेल संबंधों ने दोनों देशों के बीच स्थायी साझेदारी को और मजबूती प्रदान की है।

रिचर्ड मार्लेस ने पिछली बार जून 2025 में भारत का दौरा किया था और अपने समकक्ष राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। इस यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी भेंट की थी।

# पूर्व पीएम ओली ने सुशीला सरकार को दी खुद को गिरफ्तार करने की चुनौती

**काठमांडू,** (हि.स.)। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि यदि अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की में हिम्मत है, तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाए। ओली ने कहा कि वो सरकार के डर से भागने वाले नहीं है।

काठमांडू में एक सभा में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए ओली ने सुशीला कार्की की सरकार को असंवैधानिक बताते हुए उसके आदेश का पालन नहीं करने की बात कही है। काठमांडू से बाहर की यात्रा पर प्रतिबंध लगाए जाने पर ओली ने कहा कि वो किसी के डर से भागने वाले नहीं



है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी शक्ति की आड़ में सत्ता में बैठने वाली सुशीला कार्की को इस देश की जनता ही सत्ता से बाहर ला खड़ी करेगी।

पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओली ने कहा कि जल्द ही हम इस असंवैधानिक सरकार को उसकी असली जगह पर पहुंचाएंगे।उन्होंने कार्की की नियुक्ति के खिलाफ जल्द ही अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। ओली ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के साथ मिल कर इस असंवैधानिक सरकार और असंवैधानिक तरीके से संसद विघटन के खिलाफ संघर्ष किया जाएगा।

# ट्रंप ने कहा-इजराइल और हमास ने मानी बात, गाजा में शांति को तैयार, दोनों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि इजराइल और हमास ने उनकी गाजा शांति योजना को स्वीकार कर लिया है। दोनों पक्षों ने 20 सूत्री इस योजना के प्रथम चरण पर सहमति जताते हुए युद्धविराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। माना जा रहा है कि बंधकों की रिहाई सोमवार से शुरू होगी, जिससे गाजा क्षेत्र में लंबे समय से जारी तनाव कम होने की उम्मीद है।





**बंधक परिवारों में खुशी की लहर** : समझौते की खबर के बाद बंधकों के परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई। बंधक गली और जिव बर्मन के भाई लिरन बर्मन ने एक्स पर लिखा कि वह जल्द अपने प्रियजनों से मिलना चाहता है। वहीं, इतेय चेन के पिता रूबी चेन ने ट्रंप और अमेरिकी वार्ता दल के प्रति आभार जताया। इजराइल सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही कैदियों की रिहाई और युद्धविराम औपचारिक रूप से लागू होगा।

**व्हाइट हाउस की पुष्टि और आगे की प्रक्रिया** : व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम योजना को गुरुवार को इजराइली कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। अनुमोदन के बाद योजना पर अमल शुरू होगा। अधिकारी ने पुष्टि की कि बंधकों की रिहाई सोमवार से शुरू होने की संभावना है। समझौते की रूपरेखा में तीन चरणों में युद्धविराम और मानवीय सहायता की व्यवस्था शामिल है।

**नेतन्याहू ने ट्रंप को दिया धन्यवाद** : इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें इजराइली संसद नेसेट को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, ट्रंप ने भी नेतन्याहू के नेतृत्व की सराहना की और इसे "इजराइल के लिए महान दिन" बताया।

**शर्म अल-शेख में जारी परोक्ष वार्ता** : मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में इजराइल और हमास के बीच गाजा युद्ध को समाप्त करने के लिए परोक्ष वार्ता चल रही थी। इस वार्ता के दौरान हमास ने बंधकों और फलस्तीनी कैदियों की अदला-बदली की सूची सौंप दी है। अमेरिकी मध्यस्थता और ट्रंप की प्रत्यक्ष भागीदारी से इस समझौते की प्रक्रिया तेज हुई।

# गलतियों को दोहराने के बजाय कूटनीति को प्राथमिकता दें ट्रंप : ईरान

**कोपेनहेगन,** (हि.स.)।

» **विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, पर संवर्धन कार्यक्रम नहीं रोकेगा।**

----------------

» **अराघची ने 2003 के इराक युद्ध का उदाहरण देते हुए अमेरिका को पुरानी गलतियों से सबक लेने की सलाह दी।**

----------------

» **उन्होंने अमेरिका से कूटनीति को प्राथमिकता देने और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए रचनात्मक जुड़ाव का आह्वान किया।**

----------------

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप



को गलत खुफिया सूचनाओं और इजराइली प्रभाव से प्रेरित नीतियों से बचते हुए कूटनीति को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**अमेरिका को दी अतीत की याद** : ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि इराक युद्ध के समय भी अमेरिका को झूठी सूचनाओं से गुमराह किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप हजारों अमेरिकी सैनिकों की मौत और सात खरब डॉलर की बर्बादी हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि अब ईरान को लेकर भी वही गलती दोहराई जा रही है।

**ट्रंप की टिप्पणी पर ईरान का सख्त रुख** : अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियां भ्रामक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका फिर से 2003 जैसी गलती दोहरा रहा है, जब इराक पर बिना सबूत के सामूहिक विनाश के हथियार होने का आरोप लगाकर हमला किया गया था।

**ईरान ने बताया अपनी परमाणु नीति का रुख** : अराघची ने ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ के साथ 23 मई को हुई वार्ता का हवाला देते हुए कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, लेकिन अपने परमाणु संवर्धन कार्यक्रम पर पूर्ण रोक नहीं लगाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि "परमाणु हथियार न होने का अर्थ समझौते की संभावना है, पर संवर्धन रोकने का अर्थ आत्मसमर्पण नहीं।"

**कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील** : अराघची ने कहा कि ईरान एक महान राष्ट्र और प्राचीन सभ्यता का वारिस है। उन्होंने अमेरिका से आग्रह किया कि वह गलतफहमियों से दूर रहकर कूटनीतिक संवाद को महत्व दे। उन्होंने कहा कि "ईरान स्थिरता चाहता है, टकराव नहीं," और अमेरिका को अतीत से सबक लेकर क्षेत्रीय शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

# डेनमार्क 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाएगा : फ्रेडरिक्सन

**कोपेनहेगन,** (हि.स.)। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म बच्चों का बचपन छीन रहे हैं। उन्होंने संसद में अपने संबोधन में बताया कि सोशल मीडिया युवाओं में चिंता, अवसाद और ध्यान भटकाव जैसी समस्याओं को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि स्क्रीन बच्चों को अनुचित सामग्री के संपर्क में ला रही हैं, जिससे उनके मानसिक और शैक्षिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।



**कानून के तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चों की रोक** सरकार द्वारा प्रस्तावित कानून के अनुसार, 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से प्रतिबंधित किया जाएगा। हालांकि, माता-पिता 13 साल की उम्र से बच्चों को अनुमति दे सकेंगे। उम्मीद है कि यह कानून अगले वर्ष की शुरुआत में लागू होगा।

**अन्य देशों ने भी उठाए सख्त कदम** : फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड और चीन जैसे देशों ने भी बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर नियंत्रण लागू किया है। ऑस्ट्रेलिया ने तो 16 वर्ष से कम आयु वालों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित करने वाला कानून पारित किया है। फ्रेडरिक्सन ने कहा, "हमें डिजिटल कैद से बाहर निकलकर समुदाय की ओर लौटना होगा।"

## बुलेटिन बॉक्स

» **संयुक्त राष्ट्र संघ (UN) 1945 में स्थापित हुआ।**

» **विश्व बैंक और IMF वैश्विक आर्थिक नीतियों में प्रमुख हैं।**

» **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) वैश्विक स्वास्थ्य नीतियों का संचालन करता है।**

» **अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) खेलों का आयोजन करती है।**

» **G20 देशों की बैठकें वैश्विक आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करती हैं।**

» **नाटो (NATO) एक सैन्य गठबंधन है जो सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।**

» **UNESCO शिक्षा, विज्ञान और सांस्कृतिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाता है।**

# ओली की गिरफ्तारी की मांग पर युवाओं का प्रदर्शन, कई लोग गिरफ्तार


**काठमांडू,** (हि.स.)। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए युवाओं ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नेपाल में युवा 8 और 9 सितंबर को काठमांडू सहित देशभर में हुए प्रदर्शन में गोली से मारे गए युवाओं की मौत के लिए जिम्मेदार तत्कालीन सरकार के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गिरफ्तारी की एक माह से मांग कर रहे हैं।



आज सुबह से ही मैतीघर मंडला में ओली और लेखक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस ने एक दर्जन युवाओं को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हिरासत में ले लिया गया। विरोध स्थल पर पहुंचने के तुरंत बाद उन्हें एक पुलिस वैन में रखा गया। युवाओं के एक समूह ने आज के विरोध प्रदर्शन को वापस ले लिया था, लेकिन इसके बावजूद कुछ युवा वाहन विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

# खैबर पख्तूनख्वा में बलोच लड़ाकों का पुलिस चौकी पर हमला, एक की मौत



**पेशावर,** (हि.स.)।पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान में एक पुलिस चौकी पर बलोच लड़ाकों के हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी। अधिकारियों ने गुरुवार को हमले की पुष्टि की। डॉन अखबार की एक रिपोर्ट के मुताबिक डेरा इस्माइल खान के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी अशफाक अनवर ने बताया कि क्षेत्र के खुट्टी इलाके में एक पुलिस चौकी पर उग्रवादियों ने कई तरफ से हमला बोला। उन्होंने पुष्टि की कि हमले में गंभीर रूप से घायल चौकी प्रभारी अहमद नवाज की मौत हो गई है। गौरतलब है कि हाल ही में बलोच लड़ाकों ने प्रांत के कई इलाकों में पुलिसकर्मियों को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

# ट्रंप के आदेश पर नेशनल गार्ड के 500 सैनिकों को शिकागो में तैनात किया गया

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर शिकागो में 500 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती की गई है। इनमें 200 टेक्सास और 300 इलिनॉय से भेजे गए हैं। इनकी तैनाती ग्रेटर शिकागो क्षेत्र में संघीय एजेंटों की सुरक्षा के लिए कम से कम दो माह तक की गई है। रक्षा विभाग की उत्तरी कमान ने बताया कि सैनिकों को सुरक्षा घेरा, भीड़ नियंत्रण और तनाव कम करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें संघीय एजेंटों पर हमले रोकने के लिए लोगों को अस्थायी रूप से हिरासत में लेने का अधिकार भी दिया गया है। हालांकि, उन्हें गिरफ्तार करने की अनुमति नहीं होगी। इस तैनाती को लेकर इलिनॉय के गवर्नर जेबी प्रित्जकर और शिकागो के मेयर




ब्रैंडन जॉनसन ने अदालत में चुनौती दी है। उनका कहना है कि शिकागो में सैनिकों की जरूरत नहीं है। गुरुवार को इस पर संघीय न्यायाधीश अप्रैल पेरी सुनवाई करेंगी। इसी बीच ओरेगन में एक संघीय न्यायाधीश ने पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड की तैनाती पर रोक लगा दी है। ट्रंप ने संकेत दिया है कि यदि आवश्यक हुआ तो वे "विद्रोह अधिनियम" लागू कर सकते हैं, जिसे कई नेताओं ने असंवैधानिक बताया है।

# सऊदी अरब 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफिकेशन से एक कदम दूर, इंडोनेशिया पर दर्ज की रोमांचक जीत

**जेद्दाह,** (हि.स.)। सऊदी अरब ने बुधवार को इंडोनेशिया को 3-2 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा दिया। अब अगले मंगलवार को इराक के खिलाफ जीत उसे ग्रुप बी में शीर्ष स्थान के साथ सीधे विश्व कप में जगह दिला देगी। यह उसका सातवां विश्व कप होगा।
एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में केवल दो समूहों के विजेताओं को स्वचालित रूप से विश्व कप का टिकट मिलेगा, जबकि उपविजेताओं को पांचवें राउंड में खेलना होगा।
मैच में इंडोनेशिया ने शानदार शुरुआत की। 11वें मिनट में केविन डिक्स ने पेनल्टी पर गोल दागा। हालांकि, सिर्फ छह मिनट बाद सालेह अबू अल-शमात ने बराबरी का गोल कर दिया। 37वें मिनट में फिरास अल-बुरैकान ने पेनल्टी के जरिए सऊदी अरब को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में अल-बुरैकान ने एक और गोल कर टीम की स्थिति मजबूत की।
हालांकि, 89वें मिनट में केविन डिक्स ने अपनी दूसरी पेनल्टी पर गोल कर इंडोनेशिया को वापसी की उम्मीद दी। स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद कान्नो को रेड कार्ड मिला, लेकिन मेजबान टीम ने बढ़त बरकरार रखी।
अगर इंडोनेशिया शनिवार को इराक से हारता है तो उसका 1938 के बाद पहली बार विश्व कप में पहुंचने का सपना टूट जाएगा। इससे पहले ग्रुप ए में कतर और ओमान के बीच मुकाबला 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ।
कतर के कोच जूलन लोपीतेगुई ने कहा, "हमने पूरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। विपक्ष ने डिफेंस में मजबूती दिखाई, लेकिन इसके बावजूद हमने कई मौके बनाए। दुर्भाग्य से उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर पाए।"
वहीं ओमान के कोच कार्लोस क्यूरोज़ ने कहा, "आज का ड्रॉ दोनों टीमों के लिए सबसे अच्छा परिणाम है। हार से हमारे क्वालीफिकेशन की उम्मीदों



को झटका लग सकता था। हम अब यूएई के खिलाफ मैच की तैयारी पर ध्यान देंगे।"
गौरतलब है कि एशिया से कुल 8 टीमों को स्वचालित जगह मिलेगी। जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन पहले ही जून में तीसरे राउंड से क्वालीफाई कर चुके हैं।

## बतौर कप्तान रोहित भैया के शांत स्वभाव को आगे बढ़ाना चाहते हैं शुभमन गिल

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के नवनियुक्त युवा कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि वह वनडे टीम की कप्तानी संभालते हुए वे अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की 'शांत स्वभाव' और 'ड्रेसिंग रूम में बनाई गई एकजुटता' को आगे बढ़ाना चाहते हैं।
पहले से ही भारत की टेस्ट टीम के कप्तान 25 वर्षीय गिल ऑस्ट्रेलिया दौरे से वनडे कप्तानी की शुरुआत करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज़ 19 से 25 अक्टूबर तक



खेली जाएगी। गिल ने कहा, "रोहित भैया की शांत स्वभाव और जिस तरह उन्होंने टीम में दोस्ताना माहौल बनाया, मैं उसे अपनाना चाहता हूं।"
वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लगाते हुए कहा कि दोनों दिग्गज 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले टीम से जुड़ेंगे। रोहित और कोहली अब केवल वनडे फॉर्मेट में ही उपलब्ध रहेंगे, क्योंकि वे टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।गिल ने कहा, "दोनों ने भारत के लिए बहुत मैच जीते हैं। इतनी स्किल और अनुभव बहुत कम खिलाड़ियों के पास होता है। हमें उनकी जरूरत है।"
वनडे कप्तानी मिलने पर अपनी भावनाएं साझा करते हुए गिल ने कहा, "यह सम्मान की बात है। पहले टेस्ट (अहमदाबाद) के बाद इसकी घोषणा हुई थी, लेकिन मुझे इसके बारे में थोड़ा पहले ही बता दिया गया था।"
गिल ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ अपने रिश्ते पर भी बात की। गंभीर को भारतीय क्रिकेट में हो रहे बदलाव का 'आर्किटेक्ट' माना जा रहा है। गिल ने कहा, "हमारा रिश्ता अच्छा है। हम अक्सर बात करते हैं कि खिलाड़ियों को कैसे सुरक्षित माहौल दिया जाए। साथ ही, हम तेज गेंदबाजों का मजबूत पूल तैयार करने पर भी चर्चा करते हैं।"

## अफगानिस्तान ने पहले वनडे में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया, सीरीज में ली 1-0 की बढ़त

**अबू धाबी,** (हि.स.)। अफगानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त बना ली। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बांग्लादेश 48.5 ओवर में 221 रन पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज़ ने 60 और तौहीद ह्रिदॉय ने 56 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और अजमतुल्लाह ओमरजई ने तीन-तीन विकेट झटके।
जवाब में अफगानिस्तान ने रहमानुल्लाह गुरबाज़ (50)



और रहमत शाह (50) की अर्धशतकीय पारियों के सहारे 47.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओमरजई ने नाबाद 40 रन बनाते हुए कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के साथ 59 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। बांग्लादेश की ओर से तंज़ीम हसन साकिब ने 3 विकेट लिए। अफगानिस्तान ने 17 गेंद शेष रहते मैच समाप्त किया।

## रैली डू मोरोक में उतरने वाली पहली एशियाई और भारतीय महिला बनीं एश्वर्या पिस्से

**फेज़ (मोरक्को),** (हि.स.)। पुर्तगाल में ऐतिहासिक जीत के बाद भारत की स्टार रैली राइडर एश्वर्या पिस्से अब एक और बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में बीपी अल्टीमेट रैली-रेड पुर्तगाल 2025 में अपनी श्रेणी में खिताब जीतकर एशिया और भारत की पहली महिला राइडर बनने का गौरव प्राप्त किया था। अब वह विश्व की प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक "रैली डू मोरोक" में हिस्सा लेने जा रही हैं, जो 10 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगी।

**2,299 किमी के कठिन ट्रैक पर होगी परीक्षा**

रैली डू मोरोक 2025 के 26वें संस्करण में प्रतियोगियों को 2,299 किलोमीटर लंबा मार्ग फेज़ से एरफूड तक तय करना होगा, जिसमें 1,478 किलोमीटर की स्पेशल स्टेज शामिल है। इस साल की रैली में कुल 229 वाहन और 120 से अधिक अंतरराष्ट्रीय राइडर्स हिस्सा लेंगे।
इन सबमें एश्वर्या पिस्से एक बार फिर इतिहास रचने जा रही हैं — वह दो पहियों पर उतरने वाली एशिया की एकमात्र और भारत की पहली महिला राइडर होंगी। वह W2RC रैली 2 – विमेंस कैटेगरी में उतरेंगी। उनका लक्ष्य है महिलाओं के लिए मोटरस्पोर्ट्स में नए मानक स्थापित करना और "डकार 2027" की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाना।
एश्वर्या ने कहा, "पुर्तगाल के बाद मेरा आत्मविश्वास और रफ्तार दोनों ही बेहतर हैं। रैली डू मोरोक वर्ल्ड रैली-रेड कैलेंडर की सबसे कठिन प्रतियोगिताओं में से एक है। यहां मैं खुद को डकार के लिए तैयार करने, सीखने और अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए उतरी हूं।"
रैली डू मोरोक 2025, एफआईएम वर्ल्ड रैली-रेड चैम्पियनशिप (W2RC) का अंतिम राउंड है। यह रैली अपने रेतीले टीलों, पथरीली राहों और जटिल नेविगेशन चुनौतियों के लिए प्रसिद्ध है। यह प्रतियोगियों की सहनशक्ति, फोकस और निरंतरता की सख्त परीक्षा लेती



है — और एश्वर्या पिस्से अब तक इन सभी गुणों की मिसाल बन चुकी हैं।
भारत के मोटरस्पोर्ट इतिहास में एश्वर्या का यह कदम न सिर्फ एक बड़ी उपलब्धि है बल्कि भविष्य की महिला राइडर्स के लिए प्रेरणा भी बनेगा।

## आर्कटिक ओपन: लक्ष्य सेन बाहर, मन्नेपल्ली ने भारतीय उम्मीदें बरकरार रखीं



आर्कटिक ओपन 2025 में भारत के थरुन मन्नेपल्ली ने बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व नंबर 14 टोमा जूनियर पोपोव को 11-21, 21-11, 22-20 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और भारतीय उम्मीदें बरकरार रखीं। निर्णायक गेम में उन्होंने चार मैच प्वाइंट बचाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। वहीं, लक्ष्य सेन को जापान के कोडाई नाराओका से 21-15, 21-17 से हार मिली, जो इस साल उनका 10वां पहले दौर से बाहर होना है। किदांबी श्रीकांत ने वॉकओवर दिया, जबकि किरण जॉर्ज और शंकर सुब्रमण्यम भी हार गए। अब मन्नेपल्ली का सामना जापान के कोकी वतनाबे से होगा।

## मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप आज से

**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित राज्य शूटिंग अकादमी में गुरुवार से 15 अक्टूबर तक ऑल इंडिया जी.वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल इवेंट) का आयोजन शुरू हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग दो हजार निशानेबाज़ हिस्सा ले रहे हैं।
प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण संचालक राकेश गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता नए खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का



सुनहरा अवसर है। प्रतिभागी यहां उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए आवश्यक मिनिमम क्वालिफाइंग स्कोर हासिल कर सकेंगे।
गुप्ता ने कहा कि मावलंकर चैंपियनशिप भारतीय शूटिंग कैलेंडर में प्रवेश स्तर की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है, जहां नई प्रतिभाएँ अपनी पहचान बनाती हैं। यह आयोजन राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और मध्य प्रदेश राज्य राइफल संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
राज्य शूटिंग अकादमी अत्याधुनिक सुविधाओं और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन देशभर में शूटिंग खेल को नई दिशा देने और उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

## मैक्सवेल को उम्मीद, भारत के खिलाफ टी20 सीरीज़ से कर सकते हैं वापसी

**मेलबर्न,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले एक महीने में फिर से मैदान पर लौट सकते हैं। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वह भारत के खिलाफ टी20 सीरीज़ के आखिरी मुकाबलों में वापसी कर सकते हैं।

**सर्जरी के बाद तेजी से रिकवरी**

मैक्सवेल ने पिछले सप्ताह अपनी दाहिनी कलाई की सर्जरी कराई थी, जो न्यूजीलैंड सीरीज़ से पहले ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हो गई थी। उन्होंने कहा कि सर्जरी कराने का मकसद



भारत सीरीज़ के कुछ मैचों में खेलने का मौका पाना था। बुधवार को उनका प्लास्टर हटा दिया गया और उन्होंने हल्की एक्सरसाइज़ शुरू कर दी है।

**भारत सीरीज़ में संभावित वापसी** : ऑस्ट्रेलिया ने मैक्सवेल को शुरुआती दो टी20 मैचों के लिए टीम में शामिल नहीं किया है, लेकिन 2 नवंबर से शुरू होने वाले आखिरी तीन मैचों में उनके खेलने की पूरी संभावना है। यह ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए राहत भरी खबर है, क्योंकि टीम टी20 विश्व कप (फरवरी 2026) से पहले अपने प्रमुख खिलाड़ियों को गेम टाइम देना चाहती है।

**बीबीएल और घरेलू क्रिकेट पर नजर** : मैक्सवेल 18 दिसंबर को मेलबर्न स्टार्स की ओर से बीबीएल में उतर सकते हैं। साथ ही, वह 2 दिसंबर को विक्टोरिया के लिए वनडे कप में भी वापसी कर सकते हैं।